2020 से 2022

Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक -306 रविवार ,11 सितम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

मनुष्य के अवगुण और गुण उसकी वाणी से जाने जा सकते हैं।
-शेख सादी-

## विदेशी टी-शर्ट पहनकर भारत जोड़ने निकले हैं राहुल बाबा:अमित शाह

**जयपुर , 10 सितम्बर 2022।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल बाबा विदेशी टी-शर्ट, जर्सी पहनकर भारत जोड़ों यात्रा पर निकले हैं। अमित शाह ने राहुल के संसद में दिए गए भाषण की भी चर्चा की। राहुल ने संसद में कहा था कि भारत राष्ट्र है ही नहीं। अमित शाह बोले, राहुल बाबा किस किताब में पढ़े हो कि भारत राष्ट्र नहीं है। राहुल बाबा भारत जोड़ने निकले हो, लेकिन पहले भारत का इतिहास जानने की जरूरत है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति करती है।

### 2023 में राजस्थान में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान

अमित शाह ने कहा कि उदयपुर में हमारा भाई कन्हैयालाल का निर्ममता से मारा गया, क्या यह कोई सहन कर लेगा, हिंदू त्योहारों व रामनवमी के जुलूस पर प्रतिबंध लगाया गया। उन्होंने कहा कि करौली, भीलवाड़ा, झालावाड़ और मालपुरा में कांग्रेस ने सुनियोजित दंगे करवाए हैं। अलवर में तीन सौ साल पुराने मंदिर को ताड़े जाने को सहन कर सकते हो क्या, सामने से कार्यकर्ताओं ने नहीं का नारा दिया। शाह शनिवार को जोधपुर में संभाग के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दो तिहाई बहुमत से 2023 में



राजस्थान में भाजपा की सरकार बनाने और 2024 में प्रदेश से सभी 25 सीटें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की झोली में डालने का आह्वान किया।

### गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि अगर संभल नहीं रहा तो पहले छोड़ दीजिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2018 में राहुल गांधी और अशोक गहलोत के द्वारा किए गए वादों का हिसाब मांगने के लिए कहा। किसान कर्ज माफी और बेरोजगारी भत्ते वादे ही रह गए। ये पूरे नहीं हुए हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की चर्चा करते हुए शाह ने कहा, यहां लो और आर्डर करो का राज है। महिलाओं के प्रति अपराध बढ़े हैं। बेरोजगार में 32 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। शाह ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा को लाने के लिए तैयार बैठी है। भरतपुर में महंत विजय दास की आत्महत्या की चर्चा करते हुए शाह ने कहा गहलोत सरकार ने फिर भी खनन माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं की। प्रशासन पर गहलोत का नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं गहलोत के घर जोधपुर में आकर बोल रहा हूं, जनता वादों का हिसाब मांग रही है। शाह ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा महंगा पेट्रोल, डीजल और बिजली राजस्थान में है। मोदी सरकार ने पेट्रोल व डीजल से टैक्स कम कर लोगों को राहत देने का काम किया, भाजपा की राज्य सरकारों ने भी वैट कम किया, लेकिन गहलोत सरकार ने नहीं किया। अब हम यहां सत्ता में आकर कर और बिजली के दाम कम करेंगे। उन्होंने गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

### भाजपा की उपलब्ध बताईं, कार्यकर्ताओं में जोश भरा

अमित शाह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही चुनाव जीतता है। सरकारें कार्यकर्ताओं के जोश से बनती हैं। प्रदेश में कार्यकर्ताओं के जोश से सरकार बनने जा रही है। सशक्त मंडल और बूथ कार्यकर्ता ही बनाता है। उन्होंने कहा कि अभी देश के दो राज्यों में कांग्रेस की सरकारें है। 2023 के चुनाव में यह भी हार जाएंगी तो जीरो बचेगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध किया है। राजस्थान को 23 मेडिकल कालेज आवंटित की है। उन्होंने प्रदेश में वसुंधरा राजे और स्व.भैरो सिंह शेखावत सरकार के कार्यकाल में हुए कार्यों की भी चर्चा की ।

## भारत जोड़ो यात्रा के बीच कांग्रेस में फिर 'लेटर बम'

### 5 नेताओं ने मांगी वोटर लिस्ट लड़ सकते हैं चुनाव

**नई दिल्ली, 10 सितम्बर 2022।** राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस की भारत जोड़ों यात्रा की शुरुआत बुधवार से कन्?याकुमारी से हो चुकी है। इन सबके बीच कांग्रेस के 5 नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष के चुनाव में पारदर्शिता को लेकर केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण को पत्र लिखकर अपनी चिंता जताई है। कांग्रेस नेताओं ने प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले मतदान प्रतिभागियों और संभावित उम्मीदवारों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। आपको बता दें कि कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष के चुनाव में निष्पक्षता और पारदर्शिता की चिंता को लेकर यह पत्र सांसद शशि थरूर, मनीष तिवारी, कार्ति चिदंबरम, प्रद्युत बोरदोलोई और अब्दुल खालिक ने लिखा है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के पांच सांसदों ने अब पत्र में लिखा है कि अध्यक्ष पद के चुनाव में मतदाता, उम्मीदवार सभी 28 कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष , 9 केंद्र शासित के पास जाकर इलेक्टोरल रोल (मतलब कौन वोट डालेगा) को वेरिफाई नहीं किया जा सकता है।

इसी पत्र में आगे लिखा गया है कि ऐसी लिस्ट मतदाता और उम्मीदवार को मुहैया कराई जानी चाहिए जिसमें PCC के डिलिगेट्स और इलेक्टोरल कोलाज (वोट डालने वाले लोगों की लिस्ट) के नाम शामिल हो और इससे किसी भी प्रकार की अनुचित मनमानी पर रोक लगाई जा सकेगी।



### शशि थरूर,दिग्विजय सिंह और अशोक गहलोत लड़ सकते हैं चुनाव

कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव कौन-कौन लड़ेगा, इसको लेकर अभी कुछ साफ नहीं है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर भी चुनाव लड़ सकते हैं। कांग्रेस के सीनियर नेता दिग्विजय सिंह भी इस चुनाव में उम्मीदवार हो सकते हैं, उन्होंने भी चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं, वहीं इस लिस्ट में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम भी चल रहा है।

## डॉक्टर का वीडियो वायरल होने के बाद मामला दर्ज




**अनूपपुर, 10 सितम्बर 2022।** मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग के अनूपपुर जिला अस्पताल में पदस्थ एक डॉक्टर का अस्पताल के कर्मचारी को जूते मारते हुए संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर लि। कोतवाली पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी डॉक्टर केबी प्रजापति के खिलाफ कल देर शाम सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद मारपीट, गालीगलौज और जान से मारने की धमकी देने का अपराध दर्ज कर लिया गया है। फुटेज में डॉ प्रजापति शिकायतकर्ता मिथलेश साहू को जूते मारते हुए दिखाई दे रहा है।

शिकायतकर्ता मिथलेश साहू जिला अस्पताल में आयुष्मान जिला समन्वयक के पद पर पदस्थ हैं। विगत आठ सितम्बर को किसी बात से नाराज डॉ प्रजापति ने मिथलेश साहू को जूते मारे, जिसकी रिकार्डिंग सीसीटीवी में हो गई। दोनों पक्षों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, किन्तु फुटेज में प्रमाण मिलने के आधार पर डॉ प्रजापति के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया।

## गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान यूपी और हरियाणा में डूबने से 15 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी के दिन से भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना के साथ ही देश भर में भक्तिमय माहौल में आनंद चतुर्दशी तक गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दस दिनों तक चलने वाले गणेश चतुर्थी उत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। कल ही मुर्तियों का विसर्जन भी किया गया। इस दौरान डूबने की कई घटनाएं सामने आई हैं। उत्तर प्रदेश और हरियाणा की अलग-अलग घटनाओं में गणेश विसर्जन के दौरान कल 15 लोगों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। हरियाणा के महेंद्रगढ़ और सोनीपत जिलों में शुक्रवार शाम भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जित करने के दौरान छह लोगों की डूबने से मौत हो गई।

महेंद्रगढ़ में चार युवक नहर में डूब गये जबकि दो सोनीपत में यमुना नदी में डूब गये। आपको बता दें कि महेंद्रगढ़ में करीब सात फुट की मूर्ति विसर्जन के लिए ले जा रही टोली जब नहर में पानी की धारा में बह गई तो नौ युवक बह गए। जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ की मदद से बचाव अभियान शुरू किया। इस घटना में चार की मौत हो गई, अन्य को बचा लिया गया।



मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ट्वीट कर कहा है कि महेंद्रगढ़ और सोनीपत जिलों में गणपति विसर्जन के दौरान डूबने से कई लोगों की असमय मौत की खबर दिल दहला देने वाली है. खट्टर ने कहा, ÷हम सभी इस कठिन समय में मृतकों के परिवारों के साथ खड़े हैं। एनडीआरएफ की टीम ने कई लोगों को डूबने से बचाया है। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### उन्नाव में तीन बच्चों की गई जान

उन्नाव की बात करें तो यहां दो बच्चों की डूबने से तुरंत मौत हो गई। तीसरे बच्चे को इलाज के दौरान अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, बच्चे भगवान गणेश की मूर्तियों को गंगा नदी में विसर्जित करने गए थे। इस दौरान पांच बच्चे गंगा नदी में डूबने लगे। वे सभी अचानक गहरे पानी में चले गए थे। मौके पर मौजूद लोगों ने बच्चों का रेस्क्यू किया। हालांकि, तब तक दौ की मौत हो गई थी।

### उत्तर प्रदेश में 9 लोगों की मौत

उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में गणेश विसर्जन के दौरान नौ लोगों के मौत की खबर सामने आ रही है। उन्नाव में तीन, संत कबीर नगर में चार, ललितपुर में दो युवकों की मौत हो गई।

## स्कूलों में दशहरा-दीपावली की छुट्टी का ऐलान,स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश




**भोपाल, 10 सितम्बर 2022।** मध्यप्रदेश के स्कूलों में दशहरा-दीपावली की छुट्टी का ऐलान कर दिया गया है. यह अवकाश विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए लागू होंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से आदेश जारी कर दिया गया है.

इस बार दशहरा और दीपावली समेत रविवार के अवकाश को मिलाकर अक्टूबर महीने में कुल 14 दिन स्कूलों में छुट्टी रहेगी। जारी आदेश के मुताबिक, यह अवकाश मध्यप्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में लागू रहेगा। स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव प्रमोद सिंह के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है, दशहरा अवकाश 3 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक रहेगा। यह चार दिन का रहेगा।

इसके बाद दीपावली का अवकाश 22 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक रहेगा। यह अवकाश लगातार 6 दिनों तक रहेगा। इन अवकाश के अलावा बाकी के रविवार को भी जोड़ दिया जाए तो कुल 14 दिन का अवकाश स्कूलों को मिल जाएगा।

## गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते ने कोलकाता बंदरगाह पर पकड़ी 200 करोड़ की हेरोइन

**गांधीनगर, 10 सितम्बर 2022।** गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते और राजस्व खुफिया निदेशालय ने संयुक्त अभियान में कोलकाता से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 200 करोड़ रुपये कीमत की 39.5 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। पुलिस महानिदेशक आशीष भाटिया ने मीडियाकर्मियों को बताया कि एटीएस टीम को एक विशेष सूचना मिली थी कि फरवरी में आयातित एक कबाड़ की खेप कोलकाता में समुद्री बंदरगाह के डॉक पर पड़ी है और यह ड्रग्स ले जाती है।

## बॉलीवुड के मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल फंसे मुश्किल में,गिरफ्तारी की उठी मांग

**नई दिल्ली, 10 सितम्बर 2022।** अपनी आवाज से लाखों-करोड़ों लोगों को दीवाना बनाने वाले बॉलीवुड के मशहूर और पॉपुलर सिंगर जुबिन नौटियाल एक बड़ी मुसीबत में फंस गए है. सोशल मीडिया और खासकर ट्विटर पर उनकी गिरफ्तारी की मांग उठ रही है.

दरअसल, जुबिन नौटियाल का इस पचड़े में फंसने की वजह है उनका यूएस में होने वाला कॉन्सर्ट . इस कॉन्सर्ट को लेकर वह लोगों के निशाने पर आ गए हैं और उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है. यहां तक कि जुबिन नौटियाल की गिरफ्तारी की मांग भी होने लगी है.

**आखिर क्या है पूरा मामला क्या है?**

सिंगर के यूएस में होने वाले 23 सितंबर के कॉन्सर्ट का एक पोस्टर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. रेहान सिद्धीकी नाम के शख्स ने



इस पोस्टर को शेयर किया है. इस पोस्टर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है, 'मेरे फेवरेट सिंगर हॉस्टन आ रहे हैं. ग्रेट जॉब जय सिंह, तुम्हारी शानदार प्रेजेंटेशन का इंतजार कर रहे हैं.' जय सिंह का नाम आते ही बवाल मच गया है. फिर क्या था जुबिन नौटियाल के गिरफ्तारी की मांग तक होने लगी. ट्विटर पर #ArrestJubinNautiyal ट्रेंड करने लगा है.

**आखिर कौन हैं ये जय सिंह ?**

अब बड़ा सवाल ये है कि जिस वजह से जुबिन के गिरफ्तारी की मांग उठी है, आखिर वो शख्स कौन है ? उसका नाम है जय सिंह. सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि जय सिंह वॉन्टेड क्रिमिनल है. जय सिंह पर वीडियो पाइरेसी सहित कई गंभीर आरोप हैं. पंजाब का रहने वाला जय जिंह अब यूएस में रह रहा है. लोगों का कहना है कि जुबिन नौटियाल एक आरोपी के कॉन्सर्ट कर रहे हैं. जुबिन नौटियाल को यूजर्स ने बुरी तरह ट्रोल किया है. लोगों का कहना है कि जुबिन नौटियाल देशद्रोहियों का कॉन्सर्ट करते हैं और ये देश के खिलाफ है और ऐसे में उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए।

## कुत्तों के काटने पर मालिक को उठाना होगा पूरा खर्च : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 10 सितम्बर 2022।** घरों में कुत्ता पालने का शौक इन दिनों काफी बढ़ गया है जिसके कारण अधिकतर लोग कुत्ता पाल रहे है। हाल ही में कुत्ते के काटने की दो बड़ी घटनाएं सामने आ चुकी है इस घटना ने कुत्ता पालने वालों को मुसीबत में डाल दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार अब कुत्ता के काटने पर मालिक को पूरा खर्च उठाना पड़ेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने लोगों की सुरक्षा और पशुओं के अधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखने की बात कही है। अदालत ने सुझाव दिया कि आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों को उनका टीकाकरण कराने के लिए जिम्मेदार बनाया जा सकता है। साथ ही अगर जानवर किसी पर हमला करे तो उसका खर्च भी वहन करना होगा।



जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस जे के माहेश्वरी की बेंट ने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के मुद्दे पर शुक्रवार को सुनवाई की। पीठ ने कहा कि इस मसले का कोई समाधान निकालना होगा। मामले पर सुनवाई करते हुए जस्टिस खन्ना ने कहा कि हममें से ज्यादातर कुत्ता प्रेमी हैं। मैं भी कुत्तों को खाना खिलाता हूं।

**चिप से नहीं किया जाना चाहिए ट्रैक**

न्यायमूर्ति खन्ना ने आगे कहा कि मेरे दिमाग में कुछ आया। लोगों को कुत्तों का ख्याल रखना चाहिए, लेकिन उन्हें चिह्नित किया जाना चाहिए, चिप के माध्यम से ट्रैक नहीं किया जाना चाहिए, मैं इसके पक्ष में नहीं हूं। उन्होंने ने कहा कि आवारा कुत्तों के मुद्दे को हल करने के लिए एक तर्कसंगत समाधान खोजा जाना चाहिए।

### 28 सितंबर होगी अगली सुनवाई

एससी ने दोनों पक्षों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही इस मामले पर अगली सुनवाई 28 सितंबर के लिए सूचीबद्ध कर दी। आवारा कुत्तों को मारने पर विभिन्न नगर निकायों की ओर से पारित आदेशों को लेकर कई याचिकाएं दाखिल हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट में इन्हीं पर सुनवाई चल रही है। आवार कुत्ते विशेष रूप से केरल और मुंबई में खतरा बन गए हैं।

## जय विज्ञान जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है नया भारत:मोदी

**अहमदाबाद, 10 सितम्बर 2022।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अहमदाबाद में साइंस सिटी में आयोजित दो दिवसीय केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन किया और कहा कि आज का नया भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ ही जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है।

मोदी ने इस अवसर पर सभा को भी संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी के भारत के विकास में विज्ञान उस ऊर्जा की तरह है जिसमें हर क्षेत्र के विकास को हर राज्य के विकास को गति देने का सामर्थ्य है। आज जब भारत चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करने की तरफ बढ़ रहा है तो उसमें भारत की साइंस और इस क्षेत्र से जुड़े लोगों की भूमिका बहुत अहम है। समाधान का, सॉल्यूशन का, इवोलूशन का और इनोवेशन का आधार विज्ञान ही है। इसी प्रेरणा से आज का नया भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ ही जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर हम पिछ्ली शताब्दी के शुरुआती दशकों को याद करें तो पाते हैं कि दुनिया में किस तरह तबाही और त्रासदी का दौर चल रहा था। लेकिन उस दौर में भी बात चाहे ईस्ट की हो या वेस्ट की हर जगह के साइंटिस्ट अपनी महान खोज में लगे हुए थे। पश्चिम में आइन्स्टाइन, फर्मी, मैक्स प्लांक, नील्स बोर, टेस्ला जैसे साइंटिस्ट अपने प्रयोगों से दुनिया को चौंका रहे थे। उसी दौर में सी वी रमन, जगदीश चंद्र बोस, सत्येंद्रनाथ बोस, मेघनाद साहा, एस चंद्रशेखर समेत कई वैज्ञानिक अपनी नई-नई खोज सामने ला रहे थे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हम अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करते हैं तो साइंस हमारे समाज का हिस्सा बन जाती है वो पार्ट ऑफ कल्चर बन जाती है। इसलिए आज सबसे पहला आग्रह मेरा यही है कि हम अपने देश के वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को जमकर सेलिब्रेट करें। हमारी सरकार साइंस बेस्ड डेवलपमेंट की सोच के साथ काम कर रही है। 2014 के बाद से साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में इन्वेस्टमेंट में काफी वृद्धि की गई है। सरकार के प्रयासों से आज भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 46वें स्थान पर है जबकि 2015 में भारत 81 नंबर पर था।

उन्होंने कहा कि इस अमृतकाल में भारत को रिसर्च और इनोवेशन का ग्लोबल सेंटर बनाने के लिए हमें एक साथ अनेक मोर्चों पर काम करना है। अपनी साइंस और टेक्नॉलॉजी से जुड़ी रिसर्च को हमें लोकल स्तर पर लेकर जाना है। इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारों को ज्यादा से ज्यादा वैज्ञानिक संस्थानों के निर्माण पर और प्रक्रियाओं को सरल करने पर बल देना चाहिए। राज्यों में जो उच्च शिक्षा के संस्थान हैं उनमें इनोवेशन लैब्स की संख्या भी बढ़ाई जानी चाहिए। राज्यों में राष्ट्रीय स्तर के अनेक वैज्ञानिक संस्थान होते हैं, नेशनल लेबोरेटरीज भी होती हैं। इनके सामर्थ्य का लाभ, इनकी एक्सपर्टाइज का पूरा लाभ भी राज्यों को उठाना चाहिए। हमें अपने साइंस से जुड़े संस्थानों को सिलोस की स्थिति से भी बाहर निकालना होगा।

## कारोबारी के घर ED की रेड, पलंग के नीचे से 7 करोड़ कैश बरामद, बुलाई गई नोट गिनने की मशीनें

**कोलकाता, 10 सितम्बर 2022।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में श्चष्ठ ने शनिवार को एक बड़ी कारवाई की है. यहां गार्डनरीच इलाके में एक कारोबारी के घर पर ईडी ने छापा मारा है. इस दौरान 7 करोड़ रुपये कैश बरामद किए गए हैं. साथ ही नोट गिनने के लिए तीन मशीनें लगाई गई हैं. ईडी की टीम ने कोलकाता में 6 जगहों पर रेड की कार्रवाई की है.



श्चष्ठ ने मनी लॉन्ड्रिंग यानी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत कोलकाता के 6 परिसरों में मोबाइल गेमिंग एप्लीकेशन से संबंधित जांच के सिलसिले में आज तलाशी अभियान चलाया गया. इस दौरान रेड में अब तक 7 करोड़ रुपये नकद मिले हैं, जबकि कैश की गिनती अब भी जारी है.

प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में 3 सितंबर को पेटीएम, रेजरपे और कैशफ्री के बेंगलुरु स्थित ठिकानों पर छापेमारी की थी।

# धूमधाम से विसर्जन किया गया भगवान गणेश की प्रतिमाएं

## बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति ने समितियों द्वारा निकाली गई झाकियों का किया स्वागत

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,10 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
अंबिकापुर में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े धूमधाम के साथ किया गया। विधि विधान से पूजन और आरती के बाद नाचते गाते हुए बड़े उत्साहित भक्तों ने भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ शहर भ्रमण करते हुए मनोरम झांकी निकाली।

अंबिकापुर के कई जगहों पर स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन के मद्देनजर बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति अंबिकापुर द्वारा स्वामी विवेकानंद चौक पर बृहद रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश की आरती से की गई।

गणेश पूजन समितियों द्वारा मनमोहक दर्शनीय झांकी निकाली गई। घड़ी चौक पर बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति द्वारा सभी झांकियों का स्वागत एवं पूजन किया गया। झांकियों में प्रमुख रूप से सिंह क्लब सेवा समिति भट्टी रोड़ गली, मनोज गुप्ता जयस्तम्भ चौक, जागृति नव युवक मण्डल जयस्तम्भ चौक, देवीगंज रोड नव निर्माण मंच देवीगंज रोड, देवीगंज रोड सेवा समिति, सत्तीपारा सेवा समिति, गजानन्द सेवा समिति रोड, महावीर वार्ड केदारपुर गणेश सेवा समिति, साई क्लब गणेश उत्सव समिति चर्च रोड़, श्री राम सेना सेवा समिति चर्च रोड, श्री गजानन्द सेवा समिति ठनगन पारा, हाथी पखना, सत्तीपारा नेहरू वार्ड सत्ती मंदिर, प्रिंसेज कॉटेज तुर्रा पानी, किन्नर समाज महादेव गली, बोरिपारा नीव सेवा समिति शिकारी रोड, देवीगंज नवनिर्माण सेवा समिति, बसदेवा पारा सेवा समिति, साई सेवा समिति चर्च रोड, रिद्धि सिद्धी सेवा समिति भट्टी रोड, सिद्धि विनायक सत्तिपारा एवं अन्य झांकियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गुरप्रीत सिंह बाबरा अध्यक्ष छग राज्य खाद्य आयोग, अजय अग्रवाल उपाध्यक्ष बीस सूत्रीय कमेटी, शफी अहमद अध्यक्ष श्रम कल्याण बोर्ड, अजय तिरकी महापौर, अजय बंसल अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ, कौशलेंद्र पांडेय अध्यक्ष सरगुजा सर्व ब्राह्मण समाजद्ध, करता राम गुप्ता, राकेश गुप्ता, द्वितेंद्र मिश्रा, डॉक्टर श्रोती



असाटी, संजय अम्बष्ट अधिवक्ता, बंशीधर उरांव, शुभांगी बिहाड़े, अशोक दुबे अधिवक्ता, दुर्गेश गुप्ता, रविंद्र तिवारी अध्यक्ष कैट, विद्यानंद मिश्रा, विनोद दुबे, डीके सोनी अधिवक्ता, आरके शुक्ला शिव सेना, विकास वर्मा पार्षद, चरणजीत सिंह अध्यक्ष गुरु सिंह सभा, जन्मेजय मिश्रा, प्रकाश रॉय, अनिल अग्रवाल, संजय अग्रवाल नेता साहित शहर के अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए उन्होंने निकले झांकियों में भगवान गणेश की आरती उतारी विसर्जन के लिए विदा किया। प्रशासनिक अधिकारी अतिथियों में कुंदन कुमार कलेक्टर सरगुजा, भावना गुप्ता पुलिस अधीक्षिका सरगुजा, विनय कुमार लंगेह सीईओ, विवेक शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अखिलेश कौशिक सीएसपी शामिल रहे।

### पर्यावरण संतुलन के प्रति किया गया जागरुक

भगवान महावीर वार्ड से डीसी रोड के राजा फॉरेस्ट कॉलोनी की झांकी निकली गई। झांकी में गाजे बाजे के साथ पुरुष महिलाओं एवं नव युवकों द्वारा देश के लिए अपने प्राणों की शहादत देने वाले शूरवीरों की झांकियों द्वारा प्रस्तुति दी गई एवं पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूकता प्रदर्शित करते हुए समिति के द्वारा 75 पौधे लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक समिति को सौंपे गए। समिति के संरक्षक भारत सिंह सिसोदिया, संतोष बिहाड़े, राजीव अग्रवाल, हरमिंदर सिंह टिन्नी और नीलेश सिंह ने बताया कि उक्त पौधे महामाया पहाड़ ऑक्सीजन पार्क स्थित हाथी पखना गणपति धाम में समिति के सभी सदस्यों द्वारा रोपित किये जायेंगे। वहीं गाजे बाजे के साथ नृत्य करते हुए किन्नर समाज में उदाहरण प्रस्तुत किया। किन्नर समाज के झांकियों को देखकर भक्तगण भावविभोर हो गए। समिति द्वारा झांकी की पूजा अर्चना की गई। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए गये। जिसमें 30 प्रतिभागियों ने प्रदर्शन किया। वाराणसी चिरमिरी जैसे दूरस्थ जगहों से आए कलाकारों ने अपने जलवा बिखेरे। उपस्थित भक्त जनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया।

# विश्व साक्षरता दिवस पर नशामुक्ति के प्रति किया गया जागरुक

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,10 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।.**
होली क्रास वीमेन्स कालेज द्वारा विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। होली क्रास वीमेन्स कालेज की प्राचार्य डॉ शांता जोसेफ के निर्देशन में महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग, जिला राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला ग्राम बिशुनपुर खुर्द में ग्रामीणों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें डॉ. प्रणव ठाकुर मनोचिकित्सक द्वारा ग्रामीणों को मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से नशापान की शुरुआत के कारण, परिणाम उपचार एवं रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सलाहकार हनी गोतलेब द्वारा



तंबाकू नियंत्रण के व्यवहारिक उपचारों के बारे में जानकारी दी गई। नीतू केशरी एवं सृष्टि चौरसिया साइकेट्रिक नर्स द्वारा आत्महत्या के कारण लक्षण एवं रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सिस्टर वेरोनिका संस्था प्रमुख होली क्रास द्वारा बच्चों को जीवन में आगे बढने हेतु प्रेरित किया गया। समाज कार्य विभाग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से किया गया

कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक एवं शिक्षक स्वयं सहायता समूह की महिलाएं , मितानिन, समाज कार्य विभाग के सहायक प्राध्यापक अल्मा मिंज, प्रेरणा लकड़ा, अंजना एवं स्कूली बच्चे तथा ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# बाइक विद्युत खंभे से टकराई,युवक की मौत

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,10 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
.. बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत खंभा में टकरा जाने से बाइक सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शाम राम प्रसाद पिता माधव उम्र 29 वर्ष बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करमपुर का रहने वाला था। वह शुक्रवार को अपने चाचा किशुन के साथ बाइक से बुआ के घर ग्राम मजिरा गया था। वहां से दोनों चाचा-भतीजा वापस लौट रहे थे। रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत खंभे से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान राम प्रसाद की मौत हो गई।

# सेंट्रल बैंक के रामनगर शाखा प्रबंधक की मनमानी से दर्जनों गांव के खाताधारक परेशान

## महिलाओं से दुर्व्यवहार का भी आरोप

-ओमकार पांडेय-
**सूरजपुर ,10 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में एक निजी बैंक के मैनेजर की मनमानी से दर्जनों गांव के ग्रामीण परेशान है। जिला मुख्यालय सूरजपुर के समीपस्थ ग्राम रामनगर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का शाखा संचालित किया जाता है। ग्रामीण इलाके में बैंक खुलने से रामनगर सहित आसपास के दर्जन से गांव के लोगों को राहत मिली, उन्हे बैंक संबंधी कार्यों के लिए विश्रामपुर, सूरजपुर जैसे दूर शहरों में नहीं जाना पड़ता। लेकिन इन दिनों रामनगर सेंट्रल बैंक के मैनेजर की मनमानी से लोगों ने नाराजगी है। ग्रामीण, रामनगर शाखा के मैनेजर को हटाने की मांग कर रहे है।

दरअसल, ग्रामीणों का आरोप है कि सेंट्रल बैंक के रामनगर शाखा में एक साल से कार्यरत शाखा प्रबंधक द्वारा ग्राहकों से दुर्व्यवहार किया जाता है। उनके द्वारा महिलाओं को कहा जाता है कि काम धाम नहीं रहता है, बैंक में टाइम पास करने आते है, ऐसा कहकर भगा दिया जाता है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय प्रबंधक को शिकायत पत्र सौंपकर बताया है कि, बैंक में आए दिन लिंक फेल बताकर लेनदेन बंद कर दिया जाता है। जिससे दूर दराज से अपने कार्यों को छोड़कर बैंक आने वाले




खाताधारकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बैंक कर्मी के द्वारा सुबह 11 बजे बैंक खोलकर 12 बजे तक कार्य किया जाता है और 3 बजे लेनदेन बंद कर दिया जाता है। ग्रामीणों की शिकायत ने यह भी बताया गया है कि ग्राहक जब लोन के विषय में बात करते है, तो शाखा प्रबंधक के द्वारा सिविल सही नही है, कहकर मना कर दिया जाता है। लेकिन जब ग्राहक द्वारा कुछ लेनदेन कर हो सकता है, कहने पर... शाखा प्रबंधक के द्वारा मुस्कुरा कर बोला जाता है कि, ठीक है आपका सिविल एक-दो दिन बाद फिर से देखने के बाद कर देंगे। फिर मोटी रकम पांच से 10 हजार रुपए देने पर ही लोन पास किया जाता है। जो ग्रामीणों के साथ अन्याय का परिचय देता है। बैंक के इस रवैये से खाता धारक सेंट्रल बैंक रामनगर से खाता बंद कर करंजी ग्रामीण बैंक में खाता खोलने के लिए विवश हो रहे है।

रामनगर, रामपुर, रुनियाडीह, सोहागपुर, दतिमा एवं आसपास के गांव के समस्त छोटे बड़े व्यापारी, बड़े किसान, उद्योगपति बैंक के रवैये से परेशान होकर खाता बंद कर करंजी ग्रामीण बैंक में खाता संचालन करने के लिए विवश हो रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि बैंक परिसर का एक चाबी शाखा प्रबंधक द्वारा थर्ड पार्टी को दिया गया है। जो बैंक कर्मचारी के अनुपस्थिति में बैंक को खोलता है। बता दें कि, रामनगर, रामपुर और सरस्वतीपुर गांव के सरपंच और ग्रामीणों ने शिकायत पत्र तैयार कर अम्बिकापुर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक से रामनगर सेंट्रल बैंक के मैनेजर को वहां से हटाने की मांग की है। इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक ने जांच कर व्यवस्था सुधारने की बात कही है।

# बाईक पार,ज़ुर्म दर्ज

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,10 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।.** घर के बाहर से एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दी है। पीड़ित ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर माले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पदमेश गुप्ता शहर के गुदरी चौक का रहने वाला है। शनिवार की सुबह इसकी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीवी 1564 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर से बाहर से चोरी कर ली गई है। पदमेश ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञता के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# साक्षात्कार हेतु सूची जारी

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,10 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।.**
स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय केशवपुर, सोहगा व राजापुर में विभिन्न पदों पर प्रतिनियुक्ति एवं संविदा भर्ती हेतु पात्र उम्मीदवारों के साक्षात्कार हेतु सूची जारी कर दी गई है। पात्र अभ्यर्थियों की पदवार व विषयवार सूची जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। इसके साथ ही जिले के वेबसाइट ूऐनतहनरंण्हवअण्पद पर भी अपलोड कराई गई है । अभ्यर्थी सूचना पटल व वेब साइट में सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

# मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष आज मछुआ समिति की बैठक लेंगे

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,10 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री एमआर निषाद 10 सिताम्बर से सरगुज़ा जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे 11 सितम्बर को प्रातः 11 बजे अम्बिकापुर में मछुआ समिति एवं अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेंगे। वे शाम 5 बजे अम्बिकापुर से सूरजपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।






# साल्ही में हुआ समाधान कार्यक्रम की शुरुआत

## शासन की योजनाओं का बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया लाभ

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,10 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
. कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को उदयपुर जनपद के ग्राम साल्ही में समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने शासन की योजनाओं का लाभ उठाया। प्रशासन के द्वारा कार्यक्रम आयोजन के लिए व्यापक तैयारी की गई थी जिसमें सभी विभागों के अधिकारी विभागीय स्टाल के साथ मौजूद रहे। प्रातः 11 बजे से शुरू हुए समाधान कार्यक्रम में साल्ही एवं आस-पास गांव के ग्रामीण अपनी समस्या और मांगों को लेकर बडी संख्या में उपस्थित थे। प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि प्रशासन केवल और केवल आप लोगों के हित के लिए यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। शासन व प्रशासन गांव के विकास व ग्रामीणों की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है।




कार्यक्रम में वन अधिकार पट्टा, सामुदायिक वन अधिकार पट्टा, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, स्मार्ट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, पेन कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र, राजस्व विभाग से संबंधित कार्य खसरा, बी-1 आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवा, चश्मा आदि सामग्री वितरित की गई। युवाओं एवं बच्चों को विभिन्न खेल सामग्री का वितरण,पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा डबरी निर्माण, समतलीकरण तालाब गहरीकरण की स्वीकृति तथा उद्यान विभाग द्वारा करीब एक हजार फलदार पौधों का वितरण भी किया गया। ज्ञातव्य है कि ग्राम पंचायत साल्ही कोयला खनन प्रभावित क्षेत्र है जिसके विकास के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रही है। हाल ही में जिला प्रशासन के द्वारा खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए करोड़ां की प्रशासकीय स्वीकृति दी है उसमें ग्राम पंचायत साल्ही भी शामिल है।

सामाधन कार्यक्रम में एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ व विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

### क्या एमसीबी का जिला चिकित्सालय चिरमिरी में बनेगा

# तो भरतपुर,जनकपुर के लोग पहुंचने में अपनी जान गवाएंगे?

» एमसीबी नवीन जिले का जिला चिकित्सालय चिरमिरी में स्थापित होना दूरस्थ क्षेत्रों के लिए सही नहीं।
» भरतपुर एवं कई क्षेत्रों के लिए फिर बैकुंठपुर का जिला चिकित्सालय ही होगा उपयुक्त।
» जिला चिकित्सालय कठौतिया या केल्हारी मार्ग पर स्थापित होने पर ही मिल सकेगा पूरे जिलेवासियों को लाभ।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।
बिना सोचे समझे किया हुआ काम समस्या पैदा करता है किसी ने सही कहा है, चाहे वह जिला बनाने की बात हो या फिर जिला चिकित्सालय बनाने की घोषणा। जिसने 40 साल संघर्ष किया वह भी अपने नाम से जिला नहीं बना पाए उसमें भी दो नाम अलग जुड़ गए। जिला कार्यालय में उस विधानसभा में ना होकर उसके पड़ोसी विधानसभा में बन गया। विसंगतियों को बिना दूर किए और सोचे समझे किया गया काम हमेशा ही गलत परिणाम दे जाता है, क्या इसका परिणाम 2023 में देखने को मिलेगा, जिला विभाजन के बाद पछतावा तो 1 व 2 नंबर विधायक दोनों को अब अंदर से हो रहा है पर यह दर्द दिखाएं तो दिखाएं कैसे। तीन नंबर विधायक को तो राजनीति आती ही नहीं जिस वजह से गड़बड़ी पर गड़बड़ी करती रहती हैं।

यदि नवीन जिले का जिला चिकित्सालय चिरमिरी में बनेगा तो जनकपुर भरतपुर वालों के लिए दूरियां और बढ़ेंगे ऐसे में क्या दूरस्थ अंचल क्षेत्र के लोग जिला अस्पताल पहुंचते-पहुंचते अपनी जान गवाएंगे? चिरमिरी में जनकपुर भरतपुर से बेहतर स्वास्थ सुविधाएं उपलब्ध है क्योंकि एसईसीएल के भी चिकित्सालय वहां मौजूद है मनेंद्रगढ़ में भी एसईसीएल के चिकित्सालय से लोगों को लाभ मिलता है पर जनकपुर भरतपुर वाले के लिए यह चिकित्सालय अत्यंत आवश्यक है इसके बावजूद जिला चिकित्सालय को चिरिमिरी में स्थापित करना कहीं न कहीं भरतपुर जनकपुर वालों के लिए बड़ी समस्या पैदा करेगा।

### जिला मुख्यालय को लेकर भरतपुर सोनहत विधायक की अपनी रणनीति में सफल

कोरिया जिले से पृथक होकर नवीन स्थापित हुए एमसीबी जिले का जिला चिकित्सालय चिरमिरी में स्थापित होगा यह घोषणा मुख्यमंत्री की उपस्थिति में जिला मुख्यालय उदघाटन अवसर पर किया गया, एक तरफ जहां मुख्यमंत्री के आगमन एवम जिला मुख्यालय के उद्घाटन अवसर पर जहां मनेंद्रगढ़ वासियों के खुशियों का ठिकाना नहीं था, वहीं चिरमिरी नगरनिगम क्षेत्र की जनता ने उक्त दिवस को काला दिवस घोषित करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया और स्वेक्षा से जाकर गिरफ्तारी दी क्योंकि उनकी मांग थी चिरमिरी नगरनिगम क्षेत्र में जिला मुख्यालय स्थापित किया जाए, जिससे चिरमिरी से जारी पलायन रोका जा सके और चिरमिरी को उसका वाजिब हक़ मिल सके। वैसे जिले में सबसे ज्यादा राजस्व प्रदान करने वाले चिरमिरी नगरनिगम क्षेत्र की यह मांग जायज भी थी क्योंकि जिले का एकमात्र नगरनिगम वही है और वहां की मांग इस हिसाब से भी जायज है। चिरमिरी में जारी विरोध के बीच मनेंद्रगढ़ के समीप भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में जिला मुख्यालय का उद्घाटन हो गया और जिला मुख्यालय को लेकर भरतपुर सोनहत विधायक अपनी रणनीति में सफल भी हो गये।




### डॉक्टर की तरफ से लॉलीपॉप है और इससे वह संतुष्ट नहीं होंगे

एक तरफ मनेंद्रगढ़ विधायक जिनकी जन्मभूमि चिरमिरी है चिरमिरी की जनता ने उनकी धर्मपत्नी को महापौर भी बनाया हुआ है वह थे जिनकी मंशा चिरमिरी के हित के लिए अडिग नहिं दिखी और दूसरी तरफ भरतपुर सोनहत विधायक थे जिन्होंने जैसा चाहा वैसा वह करवा लें गए और जिला मुख्यालय अपने विधानसभा में ले गए, यहाँ पर मनेंद्रगढ़ विधायक की राजनीतिक कुशलता फीकी भी नजर आई वैसे चिरमिरी वासियों का आक्रोश दबाने मंच से ही जिला चिकित्सालय चिरमिरी में स्थापित किये जाने की घोषणा हुई लेकिन चिरमिरी वासी खुश हैं ऐसा कहीं नजर नहीं आया क्योंकि वह भी समझ गए यह डॉक्टर की तरफ से लॉलीपॉप है और इससे वह संतुष्ट नहीं होंगे।

वहीं जिला चिकित्सालय चिरमिरी में स्थापित किये जाने से नवीन जिले एमसीबी के अन्य दूरस्थ क्षेत्रों को कोई फायदा होगा यह नहीं दिखता क्योंकि जिले के भरतपुर एवम कोटडोल के लोगों को ऐसे में कोरिया जिले का ही जिला चिकित्सालय आपत्ति में सहूलियत एवम सीघ्र पहुंच वाला समझ मे आएगा एवम चिरमिरी असुविधा जनक ही नजर आएगा। कुल मिलाकर नवीन जिले में सभी को संतुष्ट कर पाना फिलहाल संभव नजर नहीं आता है।

### जिला स्तरीय कार्यालयों को लेकर असमंजस की स्थिति

खड़गवां क्षेत्र भी पूरे जिला स्थापना एवम कार्यालय स्थापना में अपना हक ढूंढता नजर आ रहा है वहीं भरतपुर केल्हारी कोटडोल भी अपना वाजिब हक़ ढूंढ रहे हैं। सबसे ज्यादा कोई आक्रोशित है तो वह है चिरमिरी नगरनिगम क्षेत्र जो जिला मुख्यालय से कम में मानने को तैयार नहीं है और जिला बनाओ संघर्ष समिति का आंदोलन स्थगित किया गया है जो कभी भी प्रारंभ हो सकता है ऐसा संघर्ष समिति का कहना है। नवीन जिला और जिला मुख्यालय की लड़ाई में अभी कई जिला स्तरीय कार्यालयों को लेकर असमंजस की स्थिति निर्मित होगी और जिले के नाम मे शामिल चिरमिरी व भरतपुर को भी कुछ कार्यालय दिए जाने की मांग उठेगी यह भी बातें सामने आ रहीं हैं। अब देखने वाली बात है कि जिला चिकित्सालय की रेवड़ी से चिरमिरी वासी कितना खुश हो पाते हैं।

# सामाजिक अभिनव ने सभी महिला पुलिस मित्र से एक होकर साथ देने की है अपील

कहा-अगर सहयोग मिला तो योजना को पुनःआरंभ कराने का किया जाएगा प्रयास।
सामाजिक अभिनव के नेतृत्व में 8 से 10 सदस्यों का दल जल्द प्रधानमंत्री,राष्ट्रपति व गृह मंत्री से मुलाकात कर इस पर चर्चा कर सकता है।
छत्तीसगढ़ के कोरिया और दुर्ग में पायलेट प्रोजेक्ट पर आरंभ किया गया था, विभाग की भी रही घोर उदासीनता।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।
जिस तरह केंद्र सरकार ने देश के विभिन्न राज्यों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर महिलाओं की सुरक्षा और आए दिन बढ़ रहे अपराध पर अंकुश लगाने के प्रयास से महिला पुलिस मित्र योजना की आरंभ की है,लोगों ने इसे सकारात्मक कदम और बेहतर योजना बताया है। वहीं ठीक इसके विपरित महिला पुलिस मित्र योजना का अचानक से समूचे प्रदेश में बंद कर देना कहीं न कहीं योजना में विभागीय उदासीनता, सुचारू रुप से क्रियान्वन ना होना, महिला पुलिस मित्रों को बेहतर मार्गदर्शन ना मिल पाने से योजना को फ्लाप कर बंद किया जाना है। आरटीआई एक्टिविस्ट और सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव पी द्विवेदी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के कोरिया और दुर्ग जिले में जिस तरह से योजना का आरंभ किया गया था उसका दोनों ही जिलों के महिला एवं बाल विकास विभाग के आला अफसरों ने सही तरह से क्रियान्वन नहीं किया है। कोरिया के जिला



अधिकारी यह कहते नजर आए कि दुर्ग वालों से पूछते हैं कि वो क्या कर रहे हैं और दुर्ग वालों ने कहा कि कोरिया में क्या चल रहा है। दोनों ही जिलों के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने अपना पल्ला झाड़ा और नतीजा आज योजना को बंद करना पड़ा। सामाजिक कार्यकर्ता ने यह भी बताया कि मानते हैं कि विभाग की घोर उदासीनता है पर नियुक्त महिला पुलिस मित्रो को अपने मौजूदा और पूर्व वार्ड पार्षदों से समन्वय स्थापित करना, नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों में भी निरंतर संपर्क स्थापित करना था ताकि उन्हें परस्पर सहयोग मिले। सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव पी द्विवेदी ने यह भी कहा है कि अगर सभी महिला पुलिस मित्र गुटबाजी, राजनीति छोड़ अगर एकता का परिचय और साथ देते हैं तो निश्चय ही कि योजना को पुनः आरंभ कराया जा सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव पी द्विवेदी ने देश के प्रधानमंत्री राष्ट्रपति केंद्रीय गृह मंत्री और गृह सचिव से एक 08-10 सदस्यों के दल के साथ प्रदेश में घटित अपराधों के रिकार्ड के साथ मुलाकात करने के प्रयास में लगे हुए हैं।

### वितरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने समीक्षा बैठक में

# शिकायतों का त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा,10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।
विद्युत वितरण विभाग के कार्यों की समीक्षा के लिए एडिशनल (सी.ई) पहुंचे तुलसी नगर सबस्टेशन कार्यालय । जहां उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । खासकर रेल कॉरिडोर के कार्यों की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने वीआईपी कंप्लेंट एवं मीटर रीडिंग से संबंधित जानकारी अधिकारियों से ली। विद्युत वितरण विभाग के अफसर सतत रूप से कार्यों की समीक्षा कर व्यवस्था दुरुस्त करने की हिदायत दिए । इस कड़ी में बिलासपुर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीके कश्यप कोरबा पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम तुलसी नगर सब स्टेशन का जायजा लिया। जिसके उपरांत उन्होंने जोन कार्यालय में विभागीय अफसरों की समीक्षा बैठक ली । गेवरा पेंड्रा रोड रेल कॉरिडोर का काम चल रहा है। रेलवे लाइन में विद्युत लाइन से संबंधित कार्यों की क्या प्रगति है इसके संबंध में उन्होंने अधिकारियों से जानकारी ली। रेल कॉरिडोर में अब तक किए गए कार्यों के संबंध में भी उन्होंने अधिकारियों से जवाब तलब किया ।इसके अलावा विद्युत वितरण कार्यों से जुड़ी शिकायतों के संबंध में भी उन्होंने दिशा निर्देश दिए। श्री कश्यप ने वीआईपी कंप्लेंट की पूरी जानकारी ली । शिकायतों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है ,उपभोक्ताओं से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश उन्होंने दिए हैं । मीटर रीडिंग से जुड़ी शिकायतों को भी उन्होंने गंभीरता से लेते हुए उन्होंने सख्त हिदायत दी है । उन्होंने कहा कि मीटर रीडिंग का कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए । अधिकारियों को यह भी कहा कि उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति से जुड़ी हर एक समस्याओं का निर्धारित समय अवधि में समाधान करें । सुलभ बिजली आपूर्ति करने के करने निर्देश दिए। बैठक में कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में डी.ई शहर अनुपम सरकार सहित तुलसी नगर , दर्री, पाडीमार जोन के अधिकारी मौजूद रहे। वही विद्युत वितरण विभाग पर बकाया बिजली बिल का बोझ बढ़ता जा रहा है। जिसे लेकर बकाया वसूली अभियान चलाया जा रहा है ।अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री कश्यप ने बकाया वसूली अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं । अधिकारियों ने बताया कि एक लाख से अधिक बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वालों का कनेक्शन विच्छेद किया जा रहा है । इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री का चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने मनेंद्रगढ़ शहर में किया भव्य स्वागत

### मुख्यमंत्री को चांदी के मुकुट पहनाकर,तलवार स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मान

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।
नवगठित नवीन जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर का प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा भव्य शुभारंभ किया गया इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने पूरे शहर में बड़े पैमाने में शामिल आत्मीय स्वागत किया, क्षेत्र के विधायक विनय जायसवाल एवं भरतपुर विधानसभा के विधायक गुलाब कमरों का भी व्यापारियों ने तहे दिल से आभार व्यक्त किया है इसी क्रम में शहर की महिला शक्तियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व्यापारियों के इस ऐतिहासिक और यादगार स्वागत कार्यक्रम को मुख्यमंत्री ने भी खूब सराहा है, चेंबर के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करते हुए चांदी का मुकुट व तलवार भेंट करने के साथ-साथ उन्हें बड़ी आत्मीयता से बधाई दी है जगह-जगह पुष्प वर्षा महा माला से स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने में चेंबर के जिला अध्यक्ष आनंद अग्रवाल,मनोज अग्रवाल,रफीक मेमन,मधु पोद्दार,मनीष अग्रवाल, सुदामा छत्तानी, गुरमीत सिंह रिंकू, राजेश मंगतानी,सन्नी खनुजा, प्रियम केजरीवाल अरुण अग्रवाल सैलेश जैन,सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि बीते 9 सितंबर को मनेंद्रगढ़ की लगभग 38 वर्ष पुरानी मांग पूरी हुई है, सरकार से मनेंद्रगढ़ जिला बनाने की मांग को लेकर शहर के वरिष्ठ जनों और संभ्रांत लोगों ने महीनों जेल काटे हैं और कई महीनों लगातार आंदोलन चलता रहा कई सरकारी आई लोगों ने अपनी मांगे लगातार बनाई रखी नए जिले भी बने उस दौरान भी लोगों ने अपना संयम बनाए रखा समय बीतता रहा, लोग अपनी मांग लगातार करते रहे इस बीच 15 अगस्त 2021 को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के लगातार प्रयास से अंधता प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मनेंद्रगढ़ को नवीन जिला बनाने की घोषणा की वह ऐतिहासिक पल था उस दिन से लेकर आज तक लोगों में गजब का उत्साह देखा जा रहा था विभिन्न पार्टियों के लोगों ने पार्टी और संगठन बुलाकर बड़ी आत्मीयता से दिन समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर बड़े-बड़े फ्लेक्स लगाकर अपने दुकानों के सामने फ्लेक्स लगाकर मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का से स्वागत किया लगातार कई वर्षों की पुरानी मांग पूरी हुई यह ऐतिहासिक पल मनेंद्रगढ़ वासियों के लिए अविस्मरणीय रहेगा।



# चोरी के सामान व नगदी रकम सहित 2 गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर 10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।
दिनांक 09.09.22 को ग्राम तारकेश्वरपुर निवासी रमेश साहू ने चौकी उमेश्वरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 सितम्बर को दोपहर में खाना खाने घर गया था इसी दौरान गांव के ही ओमकरण सिंह ने दुकान का शटर लॉक तोड़कर अंदर घुसकर सामान व नगदी की चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।



एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में आरोपी ओमकरण सिंह पिता लालसाय उम्र 19 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा गया, पूछताछ पर उसने बताया कि ग्राम डुमरभवना अनंतपुर के छोटेया के साथ मिलकर दुकान से चोरी की वारदात को अंजाम दिया है, जिसके बाद पुलिस टीम ने छोटेया पिता चंदरसाय उम्र 32 वर्ष को भी पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का सामान एवं नगद रकम कुल 13660 रूपये का जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर देवनाथ चौधरी, आरक्षक विक्रम सिंह, राकेश सिंह, शिवशंकर सिंह व मनोज जायसवाल सक्रिय रहे।

# पढ़ने लिखने की कोई उम्र नहीं होती

### किसी भी समय हम शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं सिर्फ अपने में लगन होनी चाहिए-डीपीओ

-संवाददाता-
सूरजपुर 10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।
साक्षरता सप्ताह अंतर्गत द्वीतीय दिवस का आयोजन कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में तथा जिला परियोजना अधिकारी रोहित कुमार सोनी की अध्यक्षता में विकासखंड सूरजपुर के ग्राम पंचायत बसदेई एवं विकासखंड भैयाथान के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका अघीना में पढ़बो कोनो मेरे कतको बेर विषयक संगोष्ठी आयोजित किया गया.. इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी रोहित कुमार सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं है किसी भी समय हम शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं सिर्फ अपने में लगन होनी चाहिए। सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुनील पोर्ते ने संगोष्ठी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना सब कुछ अधूरा है आज के समय में सभी व्यक्ति को पढ़ने लिखने आना जरूरी है शासन की ओर से सभी उम्र के व्यक्ति के लिए पढ़ने की व्यवस्था की गई है, शा. कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय विकासखंड भैयाथान के बी ई ओ राजीव सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि केवल अक्षर ज्ञान ही साक्षरता नहीं है हमें जोड़ घटाव गुड़ा भाग के अलावा डिजिटल साक्षर होना भी जरूरी है आज के समय में पैसे का लेन देन टिकट बुकिंग ऑनलाइन शॉपिंग इत्यादि कार्य मोबाइल के द्वारा घर बैठे आसानी से हो जा रहा है इसके लिए भी हम सभी को डिजिटल रूप से साक्षर होना आवश्यक है उपस्थित छात्राओं से उन्होंने अपील की कि आपके घर परिवार मोहल्ले में यदि कोई भी व्यक्ति साक्षर है तो आप अपना समय निकालकर उसको साक्षर करने का पुनीत कार्य कर सकते हैं, शासन के द्वारा प्रस्तावित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में सभी लोग मन लगाकर काम करें एवं अपने गांव मोहल्ला परिवार समाज को पूर्ण साक्षर करने का संकल्प लें, कार्यक्रम को प्रभारी प्राचार्य गोवर्धन सिंह ने भी संबोधित किया, इस अवसर पर साहित्यकार रीता गिरी ने साक्षरता के महत्व साक्षरता की आवश्यकता साक्षरता के कार्य क्षेत्र साक्षरता में स्कूली छात्र-छात्राओं के योगदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया... इस अवसर पर पत्रकार, कार्यालयीन कर्मचारी, शिक्षक शिक्षिकाएं, शिक्षाविद, साक्षरता कार्यक्रम से जुड़े स्वयंसेवी शिक्षक उपस्थित थे।




# जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

-संवाददाता-
सूरजपुर 10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।
शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष राज कुमारी शिव भजन सिंह मरावी ग्राम पंचायत पकनी में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निदान का भरोसा दिलाया है।ग्रामीणों ने बताया कि राशन कार्ड नहीं बन पाया है, विधवा पेंशन कई लोगों का नहीं बन पाया है तथा मिटटी मुरम सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने मांग किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी ने तत्काल उन लोगों को सभी को आश्वासन दिए कि आपकी समस्याएं दूर की जाएगी।इसके लिए वे जिला प्रशासन के अधिकारियों से बात करेंगे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी ने समस्त ग्राम वासियों को कहे कि मैं आप लोगों के लिए रॉकी काम हमेशा कोशिश करूंगा कि हर कार्य पूर्ण हो इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शिव भजन सिंह मरावी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सेवा दल के अध्यक्ष कुंदन मिश्रा राजकुमार रामलाल जय नाथ सिंह बाबूलाल जवाहर लाल मरावी श्यामलाल शिवप्रसाद राज कुमारी फुल कुमारी सलमान तथा समस्त ग्राम पंचायत पत्नी के ग्रामवासी उपस्थित रहे।




# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जिला चिकित्सालय सूरजपुर के सभा कक्ष में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर 10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।
आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय सूरजपुर के सभा कक्ष में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं के मध्य कराया गया।भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शोभा एवं नीलम, दूसरे स्थान पर दिव्या, एवं तृतीय स्थान पर भारती काशी रही। रंगोली प्रतियोगिता में आई.एन.आर.सी. कॉलेज के बी.एस.सी. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम एवं तृतीय स्थान पर रहे, वी एम कॉलेज के बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने दूसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिव्या, शोभा, नीलम, दूसरे स्थान पर अंजुम, पुष्पांजलि, एवं तृतीय स्थान पर सविता, प्रीति रही।

डॉ. आर.एस.सिंह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर ने कार्यक्रम का संबोधन करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति लंबे समय से हीन भावना से ग्रसित है, मन में किसी भी प्रकार की निराशा हों तो व्यक्ति के मन में आत्महत्या करने का विचार आ सकता है तो वह एक मानसिक बीमारी से ग्रस्त है। मानसिक अस्वस्थता के कारण ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हो सकती है, उचित परामर्श और चिकित्सा पद्धति के माध्यम से इसका उपचार किया जा सकता है।आत्महत्या को रोका जा सकता है।



डॉ. शशि तिर्की सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने कहा कि लोग छोटी छोटी बातों से परेशान अथवा निराश होकर आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। जिंदगी में हर समस्या का समाधान संभव है, इसलिए आत्महत्या जैसे कदम न उठाकर समस्या के समाधान पर ध्यान देना चाहिए ।

डॉ. राजेश पैकरा नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का थीम क्रिएटिंग होप थ्रू एक्शन हैं दिनांक 06 सितम्बर 2022 से 12 सितम्बर 2022 तक आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के रुप में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य आत्महत्या का रोकथाम करना है।

कार्यक्रम में मेट्रन सिस्टर श्रीमती सुषमा अरगल ,नर्सिंग सिस्टर श्रीमती दिलेसरी लकड़ा, वी.एम.कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं आई एन आर सी कॉलेज सूरजपुर के टीचर्स छात्र छात्राएं उपस्थित थें।इस कार्यक्रमों का आयोजन डीएमएचपी टीम सूरजपुर के साइकोलॉजिस्ट सचिन मातुरकर, सोशल वर्कर प्रियंका, साइकेट्रिक नर्स नंदकिशोर वर्मा, कम्यूनिटी नर्स मनोज कुमार के द्वारा किया गया।

# यूएई के दूत ने महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता को रेखांकित किया

नई दिल्ली , 10 सितंबर 2022. भारत में यूएई के राजदूत अहमद अल बन्ना ने लैंगिक समानता , महिला सशक्तिकरण और यूएई के आर्थिक विकास में उनकी भूमिका के महत्व को रेखांकित किया ।

उन्होंने 8 सितंबर को शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय लोकाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित एक मंच राष्ट्र के शिक्षाविदों के साथ वस्तुतः बोलते हुए ये टिप्पणी की।

आभासी बैठक में, राजदूत ने कहा कि यूएई ने उन महिलाओं की क्षमता का दोहन करने पर विशेष ध्यान दिया, जिनमें अमीराती आबादी का आधा हिस्सा शामिल है।

उन्होंने कहा, ÷आज अमीराती महिलाएं प्रशासन सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में सक्रिय हैं, विदेशों में राजदूतों, सरकारी विभागों का प्रतिनिधित्व करती हैं, निजी कंपनियों, शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक विभागों का नेतृत्व करती हैं÷, उन्होंने कहा।

इस सवाल का जवाब देते हुए कि यूएई अन्य अरब देशों से कैसे अलग है और कैसे इस्लाम और शरीयत लैंगिक समानता , महिला सशक्तिकरण , शिक्षा और आर्थिक जीवन को



आगे बढ़ाने की स्वतंत्रता के अनुकूल हैं, राजदूत ने कहा कि इस्लाम और शरिया दोनों ही महिलाओं की प्रगति के साथ पूरी तरह से संगत हैं। पिछ्ले सैकड़ों वर्षों।

इस्लाम और शरिया दोनों पिछ्ले सैकड़ों वर्षों से महिलाओं की प्रगति के साथ पूरी तरह से संगत रहे हैं। हालांकि, बुजुर्ग पीढ़ी से कुछ प्रतिरोध किया गया है, लेकिन युवा और आने वाली पीढ़ी काफी सहज है क्योंकि अरब संस्कृति के अनुरूप सब कुछ सुखदायक रूप से प्रगति कर रहा है। और इस्लाम÷, दूत ने कहा।

राजदूत ने यूएई की कुछ अग्रणी महिलाओं पर भी प्रकाश डाला, जिनमें यूएई की पहली महिला वाणिज्यिक पायलट, यूएई की पहली महिला अमीराती, एक अरब अंतरिक्ष यात्री और देश की पहली महिला अमीराती फिल्म निर्माता शामिल हैं।

पहली बार 2015 में शेखा फातिमा बिंत मुबारक द्वारा लॉन्च किया गया, हर साल 28 अगस्त को संयुक्त अरब अमीरात में अमीराती महिला दिवस मनाया जाता है जहां देश की अविश्वसनीय महिलाओं को उनकी विशाल उपलब्धियों के लिए मनाया जाता है।

विश्व एजेंसियों ने भी अमीराती महिलाओं के योगदान और भूमिका को स्वीकार किया है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ेरम 2022 ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट के अनुसार, यूएई को (मध्य पूर्व) क्षेत्र में लैंगिक समानता में अग्रणी देश के रूप में स्थान दिया गया है। इसने अपने समग्र लिंग अंतर का 65.5 प्रतिशत बंद कर दिया है।

# ब्रिटेन के राजा बने किंग चार्ल्स-3,प्रिवी काउंसिल ने किया ताजपोशी का ऐलान



लंदन ,10 सितंबर 2022। चार्ल्स तृतीय को आज यानी शनिवार को सेंट जेम्स पैलेस में एक ऐतिहासिक समारोह में आधिकारिक रूप से ब्रिटेन का %किंग' घोषित किया गया है। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के सबसे बड़े बेटे 73 वर्षीय चार्ल्स अपनी मां के निधन के बाद स्वाभाविक रूप से ही सम्राट बन गए थे, लेकिन औपचारिक रूप से वह आज ब्रिटेन के सम्राट बने हैं। महारानी एलिजाबेथ के निधन के 24 घंटों के भीतर पारंपरिक रूप से राज्याभिषेक संबंधी एक परिषद की बैठक बुलाई जाती है। हालांकि महारानी के निधन की घोषणा में विलंब होने की वजह से इस समारोह को शुक्रवार को आयोजित करने का वक्त नहीं मिला था, इसलिए ताजपोशी का कार्यक्रम आज आयोजित किया गया। किंग चार्ल्स तृतीय की नई उपाधि की सार्वजनिक घोषणा करने की प्रक्रिया कई चरणों में पूरी हुई। दिवंगत महारानी के निधन से शोक में झुके ध्वज नए सम्राट के राज्याभिषेक की घोषणा के बाद पूरी तरह फहराए गए। इस कार्यक्रम का पहली बार टेलीविजन पर लाइव प्रसारण भी किया गया। राज्याभिषेक संबंधी परिषद में कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्री, न्यायाधीश और चर्च ऑफ इंग्लैंड से लोग शामिल होते हैं। परिषद में सम्राट चार्ल्स ने महारानी के निधन की निजी तौर पर घोषणा की और चर्च ऑफ स्कॉटलैंड की रक्षा की शपथ ली।

**चार्ल्स की पत्नी बनीं %क्वीन कंसोर्ट**

चार्ल्स के सम्राट बनने के बाद अब उनकी पत्नी कैमिला क्वीन कंसोर्ट बन गई हैं, जबकि सम्राट के बेटे विलियम को प्रिंस ऑफ वेल्स की उपाधि मिल गई है। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि वह ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। बाइडेन ने कहा, %हां, मुझे (कार्यक्रम की) विस्तार से जानकारी नहीं है, लेकिन मैं जाऊंगा। उनसे सवाल किया गया था कि क्या वह महारानी के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे या नहीं। बाइडेन ने एक अन्य सवाल के जवाब में बताया कि उन्होंने महाराजा चार्ल्स किंग्स तृतीय से अभी तक बात नहीं की है। उन्होंने कहा, %मैं उन्हें जानता हूं। मैंने अभी उनसे बात नहीं की है।

वहीं, ब्रिटेन के बैंक नोट और सिक्कों पर दशकों से महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तस्वीर लगी है।

# चीनी आक्रमण के बीच ताइवान को वैश्विक समर्थन मिला



ताइपे [ ताइवान ], 10 सितंबर 2022। चीन द्वारा द्वीप राष्ट्र के आसपास अपनी सैन्य गतिविधियों को बढ़ाने के बाद ताइवान को वैश्विक समर्थन मिल रहा है क्योंकि पिछ्ले महीने यूएस हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने ताइपे का दौरा किया था। रूस और चीन के बीच घनिष्ठ साझेदारी के साथ , दुनिया को डर है कि अगर चीन अपने खिलाफ सैन्य कार्रवाई करता है तो ताइवान को गंभीर नतीजों का सामना करना पड़ेगा। नीति अनुसंधान समूह ने कहा कि इसने कई देशों को पेलोसी की यात्रा का समर्थन करने के लिए प्रेरित किया है। कई देश ताइवान को अपना समर्थन दे रहे हैं

जैसा कि वे यूक्रेन के आक्रमण के बाद एक और सैन्य कार्रवाई के विचार से घृणा करते हैं। आसियान देशों ने ताइवान जलडमरूमध्य

में बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त की है । नीति अनुसंधान समूह ने बताया कि 27 देशों की एक बैठक के दौरान, जिनमें से चीन एक हिस्सा था, आसियान देशों ने चेतावनी दी कि संघर्ष के अप्रत्याशित परिणाम हो सकते हैं और बीजिंग से अधिकतम संयम की अपील की। रिपोर्ट के अनुसार, आसियान द्वारा ÷अप्रत्याशित÷ प्रतिक्रिया के कारण चीन के विदेश मंत्री बैठक से बाहर हो गए। यहां तक ??कि दक्षिण कोरिया, जो सीधे तौर पर चीन को दोष देने से दूर रहता है, ने बल द्वारा यथास्थिति को बदलने के किसी भी प्रयास पर आपत्ति जताई।

साथ ही, पूर्वी यूरोप सहित कई देश चीन के साथ अपने संबंधों को सीमित करना चाह रहे हैं । ताइवान के लिए चीन द्वारा सैन्य खतरों और बीजिंग और मॉस्को की बढ़ती दोस्ती के मद्देनजर

एस्टोनिया और लातविया ने चीन के नेतृत्व वाले सहयोग मंच को छोड़ दिया। लातविया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ÷लातविया ने मध्य और पूर्वी यूरोपीय देशों और चीन के सहयोग ढांचे में अपनी भागीदारी को रोकने का फैसला किया है।÷ लिथुआनिया ने पिछ्ले साल चीन के नेतृत्व वाले समूह को छोड़ दिया क्योंकि उसने लोकतांत्रिक ताइवान के साथ संबंधों को बढ़ावा देने की मांग की थी ।

अन्य यूरोपीय देश जैसे स्लोवाकिया और चेक गणराज्य चीन की चेतावनियों की अनदेखी करते हुए ताइवान के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहे हैं । ताइवान के विदेश मंत्री को आमंत्रित करने के लिए चीन द्वारा चेक गणराज्य को ÷घृणित÷ कहने के बावजूद , उसने साथी यूरोपीय देशों से ताइवान के साथ अपने जुड़ाव में फिर से जुड़ने का आग्रह किया है । रिपोर्टों से पता चलता है कि चीन तेजी से अपने दोस्तों को खो रहा है और महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अधिक विरोधी बना रहा है। विशेष रूप से, जापान और ऑस्ट्रेलिया पहले ही पश्चिमी देशों के अमेरिका के नेतृत्व वाले चीन विरोधी ब्लॉक में शामिल हो चुके हैं। चीन वर्तमान में तर्कसंगत रूप से कार्य नहीं कर रहा है।

# पख्तिया में अपने स्कूल को बंद करने के विरोध में अफगान लड़कियों का प्रदर्शन

काबुल , 10 सितंबर 2022. अफगानिस्तान के पक्तिया प्रांत में महिला छात्रों ने अपने स्कूल को बंद करने का विरोध किया और इलाके में मार्च किया।

÷लड़कियों ने अपने स्कूलों को बंद करने का विरोध करने के लिए पख्तिया के केंद्र में सड़कों पर विरोध किया। इससे पहले, प्रांत में कक्षा 6 से ऊपर के कुछ लड़कियों के स्कूल आदिवासी बुजुर्गों और स्थानीय शैक्षिक अधिकारियों के एक निर्णय के कारण फिर से खोल दिए गए थे, लेकिन स्कूल बंद थे फिर से बंद, ÷टोलो न्यूज ने बताया। कई मानवाधिकार और शिक्षा कार्यकर्ताओं ने हाल ही में एक खुले पत्र में दुनिया के नेताओं से तालिबान पर युद्धग्रस्त देश में लड़कियों के लिए माध्यमिक विद्यालयों को फिर से खोलने के लिए राजनयिक दबाव बनाने का आग्रह किया था क्योंकि अफगानिस्तान में तालिबान का क्रूर शासन जल्द ही अगस्त में एक वर्ष पूरा करेगा।

खामा प्रेस ने बताया कि युवा लड़कियां और महिलाएं अपनी आकांक्षाओं से समझौता कर रही हैं क्योंकि उनके विकास को विकृत हुए लगभग 300 दिन हो चुके हैं, अगर यह स्थिति बनी रहती है, तो उनके लक्ष्य और आशाओं को बहुत नुकसान होगा।

पत्र में विश्व नेताओं, क्षेत्रीय सहयोगियों और



अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से आग्रह किया गया था कि वे अफगान लड़कियों के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए गंभीर कार्रवाई करें, विशेष रूप से शिक्षा का अधिकार जो तालिबान के नेतृत्व वाले अफगान के बाद उनसे छीन लिया गया था। सरकार ने कक्षा 6 और उससे ऊपर की लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया।

तालिबान ने महिलाओं और लड़कियों के लिए अभिव्यक्ति, संघ, सभा और आंदोलन की स्वतंत्रता के अधिकारों पर कठोर प्रतिबंध लगाए हैं। कक्षा छह से ऊपर की छात्राओं

के स्कूल जाने पर प्रतिबंध लगाने के तालिबान के फैसले की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक आलोचना हुई है। इसके अलावा, तालिबान शासन जिसने पिछ्ले साल अगस्त में काबुल पर अधिकार कर लिया था, ने महिलाओं के अधिकारों और स्वतंत्रता को कम कर दिया है, आर्थिक संकट और प्रतिबंधों के कारण महिलाओं को बड़े पैमाने पर कार्यबल से बाहर रखा गया है।

इसके परिणामस्वरूप, अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों को मानवाधिकार संकट का सामना करना पड़ रहा है, जो गैर-भेदभाव, शिक्षा, काम, सार्वजनिक भागीदारी और स्वास्थ्य के मौलिक अधिकारों से वंचित हैं। अफगानिस्तान के अधिग्रहण के 10 महीनों के भीतर तालिबान द्वारा उनके जीवन के पहलुओं को नियंत्रित करने वाले कई प्रतिबंधों के कारण अफगान महिलाएं एक अंधकारमय भविष्य की ओर देख रही हैं।

एचआरडब्ल्यू के अनुसार, महिलाओं और लड़कियों को भी स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंचने से रोक दिया गया है। रिपोर्टों से पता चलता है कि हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं और लड़कियों के पास बचने का कोई रास्ता नहीं है। लड़कियों को स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश देना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की मुख्य मांगों में से एक रही है।

लड़कियों और महिलाओं के साथ व्यवहार और अन्य मानवाधिकारों के मुद्दों पर चिंताओं के बीच अधिकांश देशों ने तालिबान को औपचारिक रूप से मान्यता देने से इनकार कर दिया है।

# नेपाल बाढ़:भारत की सीमा से लगे दारचुला में 2 की मौत,11 लापता

काठमांडू, 10 सितंबर 2022। नेपाल के दारचुला जिले के बंगबगड़ इलाके में बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 11 लापता हैं।

शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश के कारण लस्कू और महाकाली नदी में बाढ़ आ गई और शनिवार तड़के घर और दो पुल बह गए। जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस निरीक्षक जगत मगर ने कहा, ÷शनिवार तड़के भूस्खलन और बाढ़ की घटना में दो लोगों की मौत और 11 लोगों के बेहिसाब होने की खबर है। भूस्खलन के तुरंत बाद कुछ लोगों को भूभाग से बाहर निकाला गया



है।÷ दारचुला ने एएनआई को फोन पर बताया।

अधिकारी के अनुसार, जिले के नौगढ़ ग्राम परिषद से मौतों की सूचना मिली है, जहां शनिवार की सुबह करीब 1 बजे (एनएसटी) एक महिला और एक लड़की को जमीन में दफन कर दिया गया था।

जिला मुख्यालय खलंगा में बाढ़ से एक दर्जन से ज्यादा घर बह गए हैं. कुछ वाहन भी बाढ़ में बह गए, जिससे एक निलंबन और एक कंक्रीट पुल को स्थायी नुकसान हुआ।

इंस्पेक्टर मगर ने बताया, ÷अभी खोज और बचाव अभियान जारी है।

इस बीच भारत में भी पिथौरागढ़ जिले में भारी तबाही देखी जा सकती है. पिथौरागढ़ के डीएम आशीष चौहान ने एएनआई को बताया कि बादल फटने की घटना में करीब 30 घर तबाह हो गए हैं और एक महिला की मौत हो गई है. उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर राहत कार्य में लगी हुई हैं.

# जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के हालात बेहद चिंताजनक : आईएईए

वियना ,10 सितंबर 2022। विएना स्थित अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि यूक्रेन में गोलाबारी के कारण पास के शहर एनरहोदर में पूरी तरह से ब्लैकआउट होने के बाद जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र की स्थिति तेजी से अनिश्चित होती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने कहा कि एनरहोदर में थर्मल पावर प्लांट के स्विचयार्ड में गोलाबारी से शहर की बिजली के बुनियादी ढांचे पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। ग्रॉसी ने कहा, लगाता गोलाबारी को देखते हुए विश्वसनीय ऑफसाइट पावर को फिर से स्थापित करने की संभावना बहुत कम है।

उन्होंने कहा कि जापोरिज्जिया संयंत्र का संचालक सुविधा के एकमात्र ऑपरेटिंग रिएक्टर को बंद करने पर विचार कर रहा है, जो महत्वपूर्ण परमाणु सुरक्षा और सुरक्षा कार्यों को सुनिश्चित करने के लिए संयंत्र को पूरी तरह से आपातकालीन डीजल जनरेटर पर निर्भर है।

ग्रॉसी ने यह भी कहा कि एनरहोदर में बढ़ती विकट स्थिति परमाणु संयंत्र में आवश्यक कर्मचारियों की उपलब्धता को प्रभावित कर सकती है।

उन्होंने संयंत्र के चारों ओर होने वाली सभी गोलाबारी को तत्काल समाप्त करने और 'परमाणु सुरक्षा' की स्थापना के लिए अपने आह्वान को फिर से दोहराया।

# नीदरलैंड में प्राकृतिक गैस का उपयोग कम, रुख कोयले की ओर

हेग ,10 सितंबर 2022। नीदरलैंड में कंपनियां और उपभोक्ता प्राकृतिक गैस का कम उपयोग कर रहे हैं और कोयले और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर रुख कर रहे हैं, क्योंकि कई अन्य यूरोपीय देशों की तरह, रूस से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। प्राकृतिक गैस की कीमतें आसमान छू रही हैं और अधिकारी भंडारण स्थलों और विकल्पों की तलाश कर रहे हैं।

सांख्यिकी नीदरलैंड्स के मुख्य अर्थशास्त्री पीटर हेन वैन मुलिगन ने बताया, कंपनियों से लेकर उपभोक्ताओं तक, पूरे समाज में गैस की खपत में कमी आई है।

यह निस्संदेह कुछ समय के लिए जारी रहेगा, जिसका बढ़ती कीमत से भी लेना-देना है। हर किसी को गैस की जरूरत होती है, इसलिए कीमत बढ़ जाती है और कंपनियां विकल्प तलाश रही हैं।

सांख्यिकी विभाग के अनुसार, नीदरलैंड में प्राकृतिक गैस की खपत 2022 के पहले छह महीनों में 17.6 अरब क्यूबिक मीटर (बीसीएम) थी, जो पिछ्ले साल की इसी अवधि की तुलना में 25 प्रतिशत कम है।

विशेष रूप से विनिर्माण और बिजली संयंत्रों ने कम प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल किया, जिसमें क्रमशः 30 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की गिरावट आई।

गैस की खपत में गिरावट बिजली उत्पादन में बदलाव के साथ मेल खाती है।

# तालिबान के अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बीच, चीन रेलवे द्वारा अफगानिस्तान तक माल पहुंचाएगा

काबुल [अफगानिस्तान], 10 सितंबर 2022. जहां दुनिया तालिबान के मानवाधिकारों के उल्लंघन की निंदा करती है और उसके शासन को कोई अंतरराष्ट्रीय मान्यता नहीं दी है, वहीं चीन अफगानिस्तान में माल का परिवहन करेगा।


टोलो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान रेलवे अथॉरिटी (एआरए) ने कहा कि चीन से अफगानिस्तान तक ट्रेन से वाणिज्यिक सामान पहुंचाने की प्रक्रिया इसी महीने शुरू हो जाएगी। अफगानिस्तान रेलवे प्राधिकरण (एआरए) के प्रमुख ने उज्बेकिस्तान की अपनी यात्रा के दौरान कहा कि एआरए और एक चीनी कंपनी किर्गिस्तान और उज्बेकिस्तान के माध्यम से चीन से अफगानिस्तान में वाणिज्यिक सामान स्थानांतरित करने पर सहमत हुए थे।

अफगानिस्तान रेलवे प्राधिकरण के प्रमुख बख्त रहमान शराफ्ट ने कहा, ÷हमने एक निजी कंपनी सहित तीन देशों के साथ एक समझौता किया है, और विवरण पर बातचीत की जाएगी और आज दोपहर को अंतिम रूप दिया जाएगा।÷

चीनी फर्मों ने अफगानिस्तान के खनन क्षेत्र में दिलचस्पी बढ़ाई है, जिसमें तांबे और लिथियम से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं, देश में भारी मात्रा में जमा होने का अनुमान है, जिसकी कीमत 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है।

हालाँकि, बीजिंग की बढ़ती दिलचस्पी पश्चिम के लिए चिंता का विषय है क्योंकि चीन के प्रयास शायद परोपकारी नहीं हैं। आर्थिक लाभ के अलावा, सामरिक हित दांव पर हैं - और अमेरिका के साथ प्रणालीगत प्रतिस्पर्धा।

टोलो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी कंपनी से वाणिज्यिक सामानों के 3,500 से 5,000 कंटेनरों के परिवहन की उम्मीद है, और कुछ अफगान व्यापारी कराची बंदरगाह के बजाय इस मार्ग का उपयोग करना चुन



सकते हैं।

चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड माइन्स के प्रतिनिधियों के अनुसार, ट्रेन से चीन से अफगानिस्तान में कच्चे माल के हस्तांतरण से लागत में कमी आएगी, जबकि अफगानिस्तान का वाणिज्यिक सामान एक समय में हफ्तों तक कराची बंदरगाह में रहता है।

वर्तमान में, कराची का बंदरगाह चीन से अफगानिस्तान में वाणिज्यिक सामानों के प्रवेश बिंदु के रूप में कार्य करता है। टोलो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इनवेस्टमेंट ने कहा कि इस मार्ग से अफगानिस्तान को काफी पैसा खर्च करना पड़ता है। वर्तमान में, अफगानिस्तान की वाणिज्यिक वस्तुओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हरिटन, अधिना और तुर्घुंडी रेलवे के माध्यम से देश में प्रवेश करता है। ख्वाफ हेरात रेलवे को व्यापारियों के लिए खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

चीन पूरे अफगानिस्तान में अपने आर्थिक पदचिह्न का विस्तार करने के लिए व्यापारिक कूटनीति पर मजबूती से ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह तालिबान को बढ़ावा देने और समर्थन करने के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ रहा है , जो खुद को लगभग राजनयिक अलगाव में पाता है।

पॉलिसी रिसर्च ग्रुप - पोरेग की रिपोर्ट के अनुसार, काबुल और बीजिंग से नवीनतम मीडिया रिपोर्ट चीनी निवेश और पुनर्निर्माण परियोजनाओं पर 'अच्छी' प्रगति का संकेत देती है।

जब दो दशकों के सैन्य हस्तक्षेप के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिम अफगानिस्तान से बाहर निकला, तो इसने एक शून्य छोड़ दिया। अमेरिकियों ने राष्ट्र निर्माण में लगे युद्ध में लगभग 2.3 ट्रिलियन अमरीकी डालर का निवेश किया था, और अफगानिस्तान को एक मैत्रीपूर्ण लोकतंत्र में बदलने की कोशिश की थी।

हालांकि, पर्दे के पीछे, चीन आंशिक रूप से अमेरिकियों के शून्य को भरने का प्रयास कर रहा है। राजनीतिक रूप से, बीजिंग तालिबान के साथ एकजुटता चाहता है ; आर्थिक रूप से, चीनी खनन और व्यापार में शामिल होना चाहते हैं। राजनीतिक रूप से भी चीन तालिबान

से निकटता चाहता है । महीनों पहले, बीजिंग ने अफगानिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जमी हुई संपत्तियों को रिहा करने और प्रतिबंधों को हटाने का आह्वान किया था।

CMYK

## काका! पुलिस से कब तक लोग होते रहेंगे परेशान

# न्याय की प्रथम सीढी में कब तक परेशान होगी आम जनता?

» पुलिस के बुलावे पर थाने पहुंचा प्रार्थी, थाने के सामने से उसकी बाइक हो गई चोरी।
» बाइक चोरी होने के बाद मिल गई,सुपुर्दगी के लिए पुलिस मांग रही रकम प्रार्थी ने प्रेस नोट में लगाया आरोप।
» बाइक चोरी की रिपोर्ट लिखाने में भी पुलिस ने अपनी बदनामी के डर से चोरी का घटना स्थल बदला।
» पुलिस की वजह से प्रार्थी के हुई बाइक चोरी,पुलिस को प्रार्थी की बाइक दिलाने में करनी थी मदद,उन्हीं की वजह से घूम रहा प्रार्थी।
» पटना थाने के सामने से गायब हुई थी प्रार्थी की बाइक,प्रार्थी ने लगाया पटना थाने में पदस्थ पुलिसकर्मियों पर परेशान करने का आरोप।

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
कोरिया पुलिस की कितनी भी तारीफ करो वह कम ही पड़ती है और उसकी तारीफ सिर्फ इसलिए होती है क्योंकि पुलिस अपना काम बखूबी नहीं करती, आम लोग पुलिस से परेशान हैं पर आम लोगों के सुनने वाला है कौन? अधिकारी अपने कर्मचारियों के मुरीद हो गए हैं तो उन पर कार्यवाही भी कहां होगी बार-बार शिकायतों के बावजूद कार्यवाही ना होना और आम आदमी की परेशानी की शिकायत बार-बार होना कहीं ना कहीं उच्च अधिकारियों पर भी सवालिया निशान लगाता है, एक बार फिर पटना थाना से जुड़ा मामला सामने आया है जहां लक्ष्मण धारी व्यक्ति ने प्रेस नोट जारी कर काफी गंभीर आरोप लगाए जो आरोप को बिल्कुल भी दरकिनार नहीं किया जा सकता, पर शायद इनके उच्च अधिकारी इस आरोप को भी दरकिनार कर दें क्योंकि आज तक ऐसा ही होता आया है। एक बार फिर से पटना थाने में पदस्थ पुलिस कर्मियों की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा है। वैसे तो पटना थाने में पदस्थ थानेदार और उनके स्टाफ के कारनामे समय-समय पर आते रहते हैं पर जब कोई आम व्यक्ति सरेआम प्रेस विज्ञप्ति कर आरोप लगाए तो विषय सोचनीय हो जाता है।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार प्रार्थी लक्ष्मण धारी आत्मज रंजीत सिंह सूरजपुर जिले के ग्राम सांवारावां का निवासी है, जिसे एक मोबाइल मिला था, जिसकी जानकारी देने हेतु पटना थाना द्वारा प्रार्थी को 03/08/2022 को तलब किया गया था। पूछताछ के दरमियान रेलवे ट्रैक में कोई दुर्घटना होने के कारण प्रार्थी समेत अनेक लोगों को रात को सहयोग करने के लिए पटना थाना स्टाफ द्वारा रेलवे ट्रैक में ले जाया गया। इस दौरान प्रार्थी ने अपनी बाइक एचएफ डीलक्स को थाने के सामने खड़ा कर दिया। जब सब लोग रात को वापस आए तो बाइक थाने के सामने से गायब थी। बहुत खोजबीन के बाद बाइक ना मिलने पर जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी ने थाने में दर्ज करानी चाही तो रिपोर्ट में उसे थाने के सामने से गायब न बताकर बाजार से गुम होना दर्शाया गया। बड़ा सवाल यह है कि जब थाने के सामने का ही क्षेत्र सुरक्षित नहीं है, जबकि यहां सीसीटीवी कैमरे एवं पुलिस स्टाफ की सदैव उपलब्धता रहती है, तो फिर अन्य क्षेत्र कैसे सुरक्षित रहेंगे। आश्चर्य का विषय है कि बाइक अगले दिन बरामद भी हो गई। परंतु लगभग 5 दिन बीत जाने के बाद भी प्रार्थी को बाइक नहीं सौंपी गई। प्रार्थी के अनुसार उसे रोज थाने बुलाकर परेशान किया जा रहा है, तथा बाइक सौंपने के एवज में धनराशि की मांग की जा रही है। धनराशि न देने पर थाना स्टाफ द्वारा यह कहा जा रहा है कि अब तुम्हें बाइक कोर्ट से छुड़ानी पड़ेगी।




### जब थाने का प्रांगण ही सुरक्षित नहीं, तो कैसे होगी आमजन की सुरक्षा

प्रार्थी के अनुसार उसने बाइक थाने के सामने खड़ी की थी, वापस आने पर बाइक गायब मिली। खोजबीन के बाद रिपोर्ट लिखाने के लिए जब प्रार्थी ने मनुहार की तो बाइक के गायब होने का स्थल बाजार दर्शा दिया गया। वैसे यह पहली बार नहीं है, इसके पहले भी कितने पीड़ितों ने पटना थाने में रिपोर्ट लिखाने की गुहार लगाई और थाना स्टाफ द्वारा उनसे बार-बार टालमटोल किया गया या अपने सुविधानुसार एफआईआर दर्ज की गई है। पर मामले में बड़ा सवाल यह है कि जब पूरा थाने का एरिया सीसीटीवी से लैस है, तो कोई कैसे आसानी से थाने के सामने से चोरी की जुर्रत कर सकता है? जब थाना प्रांगण ही सुरक्षित नहीं, तो क्षेत्र में होने वाले चोरी, डकैती एवं अन्य अपराधों से आमजन कैसे सुरक्षित रहेंगे?

### न्याय की प्रथम सीढ़ी है थाना,जब लोग यहीं से होंगे असंतुष्ट तो न्यायालयों पर भार तो बढ़ेगा ही

अपराधों के बहुत सारे मामले ऐसे होते हैं, जिन्हें थाना स्तर पर ही निपटाया जा सकता है, और भारतीय न्यायालयों का बोझ कम किया जा सकता है। क्योंकि बहुत सारे मामलों में समझौते एवं अन्य तौर तरीकों से मामलों का पटाक्षेप किया जा सकता है। यह थाना प्रभारी की कार्यकुशलता और बौद्धिक क्षमता पर निर्भर करता है। लोग अन्याय से पीड़ित होकर न्याय की तलाश में थाने को प्रथम सीढ़ी मानते हैं। पर जब प्राथमिक स्तर पर ही न्याय को बेचने का प्रयास हो, राहत को धन अर्जन का साधन बनाने की मंशा हो तो पीड़ित के पास न्यायालय जाने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचता। यही कारण है कि बहुत सारे ऐसे मामले जो प्रथम सुनवाई में ही रफा दफा कर दिए जाते हैं, यह केवल न्यायालय पर बोझ बन कर न्यायालय का समय बर्बाद करते हैं।

### पुलिस वाले का मोबाइल गुमा जो मिला गया है उसमें लगा सिम जिसका था उसे पुलिस करने लगी परेशान

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ महीनों पहले एक पुलिसकर्मी का मोबाइल गुम हो गया था, वह मोबाइल एक व्यक्ति को मिल गया और वह व्यक्ति उस मोबाइल को पुलिस को दे दिया, उस मोबाइल में लगा सिम जिस व्यक्ति का था उस व्यक्ति को पुलिस ने तलब किया वह व्यक्ति कहा कि मेरे वह सीम गुम हो था पर पुलिस उस प्रार्थी को बुला बुलाकर परेशान करती रही, उसे डरा धमका कर उससे पैसा वसूलते रहे, जिस दिन प्रार्थी आया था उस दिन वह पैसे देने ही आया था क्योंकि पुलिस कब बुलावा इसीलिए था और उसे नहीं पता था कि वह आएगा और उसकी बाइक वहां से चोरी हो जाएगी पर सवाल यह है कि क्या जो चल रहा है यह सही है? इस प्रकार के कई आरोप अभी तक लगते आरहे हैं और वही जब आरोपों को सिद्ध करने की बारी आती है तो प्रार्थी सक्षम नहीं होता है क्यों की सामने पुलिस है और जांच अधिकारी अपने कर्मचारियों को बचा ले जाएंगे जो आज तक होता आया है।

---

**उपभोक्ता हितों का संरक्षण व संवर्धन पर**

# राष्ट्रीय कार्यशाला एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

-संवाददाता-
**कोरबा,10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
शहीद स्मारक भवन रजबंधा मैदान रायपुर में उपभोक्ता हितों का संरक्षण व संवर्धन विषय पर राष्टीय कार्यशाला एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अपेक्स संस्था कंजूमर को आर्डिनेशन काउंसिल (सीसीसी) नई दिल्ली द्वारा रायपुर (छत्तीसगढ़) में उपभोक्ता संगठनों की राष्टीय कार्यशाला में सेवा एवं वस्तु देने वाली कई अग्रणी संस्था यूनिवर्सिटी शासकीय गैर शासकीय विभाग, के सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि सहित स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हुए। उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत और विशिष्ट अतिथि के रूप में (सी.सी.सी.) के चेयरमैन डॉ. पी. रामाराव रहे। मुख्य वक्ता के रूप में रामजी भाई भवानी पूर्व सांसद राजकोट गुजरात, अमृतलाल साहा पूर्व अध्यक्ष सी.सी.सी. अगरतला त्रिपुरा,अभिषेक श्रीवास्तव अधिवक्ता पूर्व राष्टीय अध्यक्ष संयोजक सी.सी.सी.नई दिल्ली अध्यक्ष कंज्यूमर गिल्ड उत्तर प्रदेश, जार्ज चेरियन सदस्य भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण अध्यक्ष कट्स इंटरनेशनल, लियाकत अली सदस्य राज्य उपभोक्ता आयोग राजस्थान, तफैल अमहद डीन कलिंगा यूनिवर्सिटी विधि विभाग, डॉ. नवीन श्रीवास्तव उपभोक्ता सुरक्षा शिक्षा फाउंडेशन अध्यक्ष, खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, व अंतर्राष्टीय मानव अधिकार आयोग सदस्य,पी.के. पाण्डा पूर्व अध्यक्ष सीसीसी., सी. पाकिया लक्ष्मी मदुरई तमिलनाडु उपभोक्ता फोरम सदस्य, शर्मिला रानाडे मुम्बई ग्राहक पंचायत महाराष्ट , छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राज गोस्वामी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के बाद छत्तीसगढ़ की राजकीय गीत के बाद देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए कार्यकर्ता व फाउंडेशन के सदस्यों ने मंच पर उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया।



कार्यशाला में उपभोक्ता सुरक्षा शिक्षा फाउंडेशन के अध्यक्ष, खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, व अंतर्राष्टीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य डॉ. नवीन श्रीवास्तव ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं लोगों को संबोधित करते हुए कहा उपभोक्ता को उत्पाद की बनावट की बजाय उसकी गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए खरीदारी करनी चाहिए। उपभोक्ता को खरीदारी के दौरान सरकार द्वारा स्थापित मानकों का ध्यान रखना चाहिए ताकि उनके अधिकारों का हनन न हो। उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति और अधिक जागरूक होना चाहिए।विभागीय गतिविधियों एवं ग्राहकों के अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया।कार्यशाला में उपभोक्ताओं को खरीदी उपयोग एवं सेवा के दौरान बरते जाने वाली बारिकीयां के बारे में जैसे चुनने का अधिकार, सूचना का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, शिकायत निवारण एवं उपभोक्ता शिक्षा के अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी अलग अलग राज्यों से आए हुए वक्ताओं ने दी।अन्य वक्ताओं ने भी अपने वक्तव्य में कहा की स्वयंसेवी सामाजिक संस्थाओं को भी उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण और उन्हें जागरूक करने के लिए देश भर में हमारे फाउंडेशन के बारे में प्रयास किए जा रहे हैं।बड़ी कंपनिया भी विज्ञापन के माध्यम से उपभोक्ताओं को गुमराह करती है। उपभोक्ता जागरूकता ,उपभोक्ताओं को निर्माताओं और विक्रेताओं द्वारा शोषण से बचाने का एक माध्यम है। उपभोक्ताओं को भ्रमित करने वाले झूठे विज्ञापनों से बचना चाहिए। प्रचारित की गई वस्तुएं गुणवत्ता की नहीं होती है और उनका मूल्य अधिक लिया जाता है। कई बार एकाधिकारिता का लाभ उठाकर अधिक मूल्य लिया जाता है। इसलिए उपभोक्ताओं को जागने एवं स्वयं को संरक्षित करने की आवश्यकता हैं। इस कार्यशाला में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कानून में संशोधन करने व राष्टीय उपभोक्ता नीति जारी करना, उपभोक्ता जागरूकता स्वयंसेवक को मान्यता देने संबंधित विषयों पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अमरजीत भगत मंत्री ने सबसे पहले उपभोक्ता हितों के इस अद्भुत आयोजन के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं साथ ही देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ के विभिन्न सांस्कृतिक परंपराओं और उपभोक्ता से संबंधित क्रियाकलापों से अवगत कराया, साथ ही मंच पर उपस्थित वक्ताओं की विशेष मांग पर उन्होने उपभोक्ता हितों के लिए काम करने वाले फाऊंडेशन व सदस्य के लिए राजीव गांधी उपभोक्ता भवन एवं अन्य सुविधाओं हेतु आश्वासन दिया।इस सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आयोजक डॉ. नवीन श्रीवास्तव सहित पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य रूप से डॉ. नवीन श्रीवास्तव, राष्टीय महिला अध्यक्ष मधु ठाकुर ,राष्टीय सचिव डॉ. धर्मराज ताम्रकार, प्रदेश कार्य.अध्यक्ष राजेश पांडे, प्रदेश कार्य.अध्यक्ष देवेंद्र चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव माधुरी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वराज ताम्रकार, वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर बलदेव सिंह,कमल शुक्ला, उत्तम तिवारी अलग-अलग विषयों पर काम करने वाले एनजीओ सामाजिक संगठन एवं व्यापार संगठन उपस्थित रहे।

## कोरिया के जिला स्तरीय कार्यालयों को मनेंद्रगढ़ से पटना में स्थापित करने की हुई मांग

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
कोरिया जिले के कई जिला स्तरीय कार्यालय आज भी हैं मनेंद्रगढ़ में स्थापित, एमसीबी नवीन जिला गठित होने पर अब पटना क्षेत्र से कार्यालयों को पटना में स्थापित करने की हो रही मांग, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पटना के निवर्तमान अध्यक्ष विजय सिंह ने की है मांग, संसदीय सचिव बैकुंठपुर विधायक अम्बिका सिंहदेव को मांग का सौंपा पत्र,कई अन्य क्षेत्रवासी रहे मौजूद।



कोरिया जिले से पृथक होकर नवीन जिले एमसीबी के गठन उपरांत अब मनेंद्रगढ़ में स्थापित कई जिला कार्यालयों जो संयुक्त कोरिया जिले के जिला कार्यालय हैं को पटना क्षेत्र में स्थापित किये जाने की मांग जोर पकड़ती दिख रही है और इसका सबसे ज्यादा प्रयास आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पटना के अध्यक्ष विजय सिंह कर रहें हैं यह देखा जा रहा है। विजय सिंह ने पटना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ छत्तीसगढ़ शासन में संसदीय सचिव एवम बैकुंठपुर विधायक को इस आशय का मांग पत्र सौंपा और मनेंद्रगढ़ में स्थापित एवम संचालित जिला रोजगार कार्यालय,जिला जीएसटी,जिला वाणिज्य कर, विद्युत विभाग कार्यालय, लोक निर्माण विभाग कार्यालय को पटना क्षेत्र के पटना में स्थापित करने की मांग की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य बिहारी लाल राजवाड़े, रियाज खान,जगत ,रंजीत चाफेकर,सहित स्वयं विजय सिंह मौजुद रहे।

---

## कलेक्टर ने पोषण रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**नागरिकों को स्वास्थ्य शिक्षा के बारे में किया जाएगा जागरूक**

-संवाददाता-
**कोरबा,10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
महिला और बाल विकास विभाग 1 से 30 सितंबर 2022 तक पांचवा राष्टीय पोषण माह मना रहा है। वही इस वर्ष महिला व स्वास्थ्य बच्चा तथा उनके शिक्षा पर मुख्य रूप से ध्यान देने के लिए पोषण माह में सभी ग्राम पंचायतों को सक्रिय पंचायत बनाना इस वर्ष का मुख्य थीम है। इस हेतु कुपोषण को कम करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग व वर्ल्ड विजन संस्था द्वारा तैयार किये पोषण रथ को राज्य स्तर से शुभारंभ कर जिलों के भ्रमण हेतु रवाना किया गया है। कोरबा पहुंचने पर पोषण रथ को कलेक्टर संजीव झा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर प्रचार प्रसार करने व लोगों को जागरूक करने हेतु हरी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उक्त पोषण रथ 14 सितम्बर तक जिले के सभी विकास खंडों के ग्राम पंचायतों विद्यालयों, महाविद्यालय,चौक चौराहों व प्रमुख स्थलों पर भ्रमण करते हुए लोगों को महिला एवं बच्चों के पोषण,स्वास्थ्य,शिक्षा,उनके देखभाल एवं सुरक्षा हेतु जागरूक करेगी। वही उपरोक्त पोषण रथ के कोरबा जिले में शुभारंभ के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एम.डी. नायक, जिला महिला बाल विकास अधिकारी गजेंद्र देव सिंह, जिला बाल संरक्षण अधिकारी दया दास महंत, परियोजना अधिकारी विकास सिंह,जिला टीकाकरण अधिकारी कमल देवांगन,वर्ल्ड विजन क्षेत्रीय कार्यक्रम अधिकारी शमुएल लाल,जिला समन्वयक अनिल देवांगन,अमेन्द्र कार,कुमारी पुष्पावती,श्रीमती निधि सेन, कुमारी रुखसाना खान,जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी,चाईल्ड लाईन 1098 के कार्यकर्ता,बाल देखरेख संस्थाओं के अधीक्षक,प्रभारी एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित आंगनबाड़ी केंद्र के सेक्टर पर्यवेक्षक व आंगनबाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पति ने पत्नी पर किया जानलेवा हमला

-संवाददाता-
**कोरबा,10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रायपुर सिम्स रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया । बताया जा रहा है कि पति अपनी पत्नी के बार-बार मायके आने से नाराज था। पसान थाना प्रभारी शिव कुमार धारी ने बताया कि कुमान सिंह (28 वर्ष) और उसकी पत्नी यमुनाबाई गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के रहने वाले हैं। कुमान अपनी ससुराल कोरबा के पसान थाना क्षेत्र के ग्राम सायला आया हुआ था। शुक्रवार को दोनों पति-पत्नी दोपहर करीब 3 बजे आपस में बातचीत कर रहे थे। तभी उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में आकर कुमान सिंह ने अपनी पत्नी यमुना के गर्दन की बाईं तरफ कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तुरंत घटना की सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी गई। महिला को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखकर उसे रायपुर के सिम्स अस्पताल रेफर किया गया ।



## शिक्षक ने अतिक्रमण कर बनाया घर और बाड़ी,क्या कर रहा संबंधित विभाग?

**शासकीय जमीन को अतिक्रमण से बचाने जिला कलेक्टर और वन मंडल अधिकारी से ग्रामीणों ने लगाई गुहार।**
**छोटे झाड़ के जंगल का पट्टा शासकीय कर्मी को किस आधार पर हुआ आवंटित?**
**उक्त भूमि रिकॉर्ड में उक्त शासकीय भूमि पर नदी और छोटे झाड़ का जंगल है दर्ज उक्त नदी पर बना है स्टॉप डेम और घाट।**
**ग्रामीणों ने कलेक्टर कोरिया से लेकर मुख्यमंत्री के जन चौपाल में किया शिकायत पर अभी तक नहीं हुई कोई कार्यवाही।**



-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
एक शिक्षक की ऐसी दबंगई कि वन विभाग के नर्सरी को काट कर उस पर कर रहा अतिक्रमण जिससे स्टॉप डेम का क्षेत्र भी हो रहा कम आगे चलकर हो सकती है परेशानी, जिसे लेकर ग्रामीणों ने कई बार वन विभाग, कलेक्टर सहित मुख्यमंत्री के जन चौपाल में भी इसकी शिकायत की और इसके बावजूद उस शिक्षक के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई,मामला कोरिया जिला के सोनहत अंतर्गत ग्राम बोडार का है। जहां ग्रामीणों ने जिलाधीश और वन मंडल अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर शासकीय भूमि को मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों के शिकायत अनुसार बोढ़ार स्थित हसदेव नदी स्टॉप डैम के पास शासकीय भूमि खसरा नंबर 151 का रकबा 0.17 हेक्टेयर भूमि जिस पर स्टॉप डेम और महिला स्नान घाट निर्मित है, जिस को ग्राम में ही प्राथमिक शाला खाल पारा में पदस्थ शिक्षक जयराम राजवाड़े के द्वारा पट्टा बनवा लिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार जयराम राजवाड़े द्वारा स्टॉप डेम को भी दिन-प्रतिदिन मिट्टी से पाट दिया जा रहा है। आलम यह है कि मिट्टी पटाई के बाद खेत बना लिए जाने के कारण आमजन का नदी तक आने-जाने का रास्ता बंद हो चुका है और साथ ही ग्रामीणों के पालतू पशु जो नदी तक बने स्टॉप डेम में पानी पीने के लिए जाते थे उनका भी निस्तारण बंद हो चुका है।

रिकॉर्ड के अनुसार उक्त भूमि 1946-47 से रिकार्ड में नदी है जबकि 1988-89 एवं 2013-14 के रिकॉर्ड में पूरी भूमि छोटे झाड़ के जंगल की शासकीय भूमि है। ग्रामीणों के अनुसार जयराम राजवाड़े ने खसरा नंबर 152 की भूमि को ग्राम के ही मोहन आत्मज भूषण से खरीदी किया, परंतु इससे संलग्न खसरा नंबर 151 की शासकीय भूमि का पट्टा किस आधार पर उसके नाम पर जारी हुआ यह संदेहास्पद है। बड़ा सवाल यह है की छोटे झाड़ के जंगल की भूमि का पट्टा एक शासकीय कर्मचारी को आवंटित हुआ तो कैसे? इसके साथ ही क्षेत्रीय वन मंडल अधिकारी को दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने और भी गंभीर आरोप लगाए हैं और कहा है कि बोढ़ार नर्सरी कंपार्टमेंट 372 एरिया में से लगे हुए सागवान एवं यूकेलिप्टस के पेड़ को जयराम राजवाड़े द्वारा वन अधिकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से काटकर समतलीकरण कर लिया गया है एवं उसमें मकान बाड़ी का निर्माण कर लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल की उस भूमि पर अतिक्रमण को हटवा कर पुनः नर्सरी लगवाया जाए अन्यथा ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## लोकसभा सांसद के प्रयास से कोरबा शहर को मिलेगा एक और नए केंद्रीय विद्यालय की सौगात

-संवाददाता-
**कोरबा, 10 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
कोरबा के लोकसभा सांसद जिले के प्रवास पर रही। इस दौरान उनका ट्रांसपोर्ट नगर और कोसाबाड़ी चौक में समर्थकों द्वारा मेडिकल कॉलेज के स्वीकृति दिलवाने की खुशी में स्वागत किया गया। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम के पश्चात सांसद महंत ने शिक्षा के क्षेत्र में कोरबा वासियों के लिए एक और बड़ी सौगात की घोषणा की उन्होंने बताया कि कोरबा शहर में एक केंद्रीय विद्यालय के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है। विद्यालय के लिए पर्याप्त जमीन मिलते ही विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।




### कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग रामानुजगंज

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-3260/NIT-9/2022-2023/व.ले.लि. दिनांक : 07/09/2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः-19/09/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-23/09/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 26/09/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
निविदा प्रपत्र की कीमत (रू.में) 750.00
निविदाकारों की श्रेणी श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक
कार्य की अवधि 03 माह वर्षा ऋतु सहित

| एनआईटी क्रं. निविदा क्रं. | कार्य का नाम NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.) में बैंक सेल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 9 T0052 | उपसंभाग वाड्रफनगर अंतर्गत विभिन्न मार्गों में मेटल सप्लाई का कार्य प्रथम आमंत्रण | 20.00 15000.00 300000.00 |
| 9 T0053 | उपसंभाग वाड्रफनगर अंतर्गत विभिन्न मार्गों का साधारण मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण | 20.00 15000.00 300000.00 |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोक संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकताह है।

जी.नं-94072/1

**कार्यपालन अभियंता**
लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग रामानुजगंज



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0 /ब-121/21-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आवेदक अभिषेक जायसवाल आ0 राजेन्द्र जायसवाल, निवासी नगर पंचायत लखनपुर तहसील लखनपुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम मेण्ड्राकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 स्थित भूमि खसरा नंबर 818/3, 818/4 रकबा 0.120, 0.304 हे0 भूमि के रकबा 35 गुणित 35 वर्गमीटरजो वर्तमान राजस्व अभिलेखों में रामकिशुन साहू आ0 रामस्वरथ साहू,गोपी साहू आ0 रामस्वरथ साहू जाति तेली के नाम पर दर्ज है,पर पेट्रोल पम्प स्थापित किए जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र बाबत् लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आवेदन क्रमांक 0219201221500004 प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन लोक सेवा गारंटी के तहत पुलिस अधीक्षक महोदय सरगुजा के माध्यम से प्राप्त होने पर इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/09/2022 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 07/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर सरगुजा(छ0ग0)

# टी 20 विश्वकप 2022 के लिए तय हुई भारतीय टीम!

**नई दिल्ली, 10 सितंबर 2022।** एशिया कप 2022 से भारतीय टीम बाहर हो गई है। इस टूर्नामेंट को टी20 विश्वकप 2022 की तैयारियों के रूप में देखा जा रहा था। ऐसे में भारतीय टीम मैनेजमेंट को एशिया कप में कई खिलाड़ियों को परखने का मौका मिला। विराट कोहली की फॉर्म में वापसी भारतीय टीम के लिए शुभ संकेत है। वहीं चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल के कमी टीम को खली। हालांकि ऑस्ट्रेलिया में होने वाले मेगा इवेंट से पहले दोनों ही खिलाड़ी वापसी कर लेंगे। 16 सितंबर को टूर्नामेंट के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान होगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि टी20 विश्वकप के लिए भारत का संभावित स्क्वॉड क्या हो सकता है, वहीं किन खिलाड़ियों को रिजर्व प्लेयर की सूची में रखा जा सकता है।




### इन प्लेयर्स को खेलना लगभग तय

टी20 विश्वकप 2022 में भारत की प्लेइंग 11 में कुछ खिलाड़ियों की जगह लगभग पक्की है। इनमें कप्तान रोहित शर्मा, सलामी बल्लेबाज केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, हर्षल पटेल और भुवनेश्वर कुमार शामिल हैं। विश्वकप में रोहित शर्मा और केएल राहुल पारी की शुरुआत कर सकते हैं। एशिया कप के आखिरी मुकाबले को छोड़ दें तो दोनों बल्लेबाज प्रत्येक मैच में ओपनिंग करने आए। वहीं बतौर सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ शतक जड़ा था। ऐसे में जरूरत पड़ने पर विराट भी ओपनिंग कर सकते हैं। इस स्थिति में केएल राहुल मिडिल ऑर्डर में खेलते हुए नजर आएंगे।

### रोहित-राहुल करेंगे ओपनिंग

रोहित-राहुल अगर पारी की शुरुआत करते हैं तो विराट कोहली तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नजर आएंगे। काफी दिनों से फॉर्म से जूझ रहे किंग कोहली ने एशिया कप में अपनी फॉर्म पा ली है। अफगानिस्तान के खिलाफ उनका तूफानी शतक इस बात की तस्दीक करता है। चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव को जगह मिल सकती है। यादव ने एशिया कप में भले ही कोई बड़ी पारी नहीं खेली पर वह इससे पहले की सीरीज में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। पांचवें नंबर पर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक और संजू सैमसन में से किसी एक को मौका दिया जा सकता है। एशिया कप में कार्तिक और पंत के खराब प्रदर्शन के बाद से ही संजू सैमसन को टीम में शामिल करने की मांग हो रही है।

### जडेजा फिट नहीं तो अक्षर को मौका

छठे नंबर पर ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को खेलना तय है। आईपीएल से ही पांड्या लगातार शानदार लय में हैं। वह रन बनाने के साथ ही पूरे चार ओवर भी कर रहे हैं। हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे मैच में हार्दिक पांड्या की गेंदबाजी खास नहीं रही थी। ऐसे में भारतीय टीम विश्वकप में 6 गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरना चाहेगी। घुटने की सर्जरी के बाद रवींद्र जडेजा अभी आराम कर रहे हैं। अगर वह विश्वकप तक पूरी तरह फिट हो जाते हैं तो उनका टीम में आना तय है। जडेजा की अनुपस्थिति में अक्षर पटेल को भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया जा सकता है। पांड्या अगर किसी मैच में गेंदबाजी में विफल रहते हैं तो अक्षर पटेल भी भारत को कुछ ओवर निकालकर दे सकते हैं।

### बुमराह-पटेल की वापसी

इसके अलावा भारतीय स्क्वॉड में ऑलराउंडर के रूप में दीपक हुड्डा को भी मौका मिल सकता है। एशिया कप में भी दीपक हुड्डा भारतीय टीम का हिस्सा थे। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद से ही उन्हें लगातार मौके दिए जा रहे हैं। स्पिन डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल के कंधों पर हो सकती है। वहीं जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल की वापसी से भारतीय तेज गेंदबाजी को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह भी भारत के तेज गेंदबाजी के विकल्प होंगे। स्क्वॉड के अलावा भारतीय टीम कुछ रिजर्व प्लेयर्स के साथ आस्ट्रेलिया जा सकती है। इनमें दीपक चाहर, श्रेयस अय्यर और रवि बिश्नोई को मौका मिल सकता है।

### टी20 विश्वकप के लिए भारतीय स्क्वॉयड

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत/संजू सैमसन, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा/अक्षर पटेल, दीपक हुड्डा, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार। रिजर्व प्लेयर- दीपक चाहर, श्रेयस अय्यर, रवि बिश्नोई

# ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरोन फिंच ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली, 10 सितंबर 2022।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एरोन फिंच ने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के बाद इस फॉर्मेट को अलविदा कह देंगे। फिंच की रिटायरमेंट की वजह वनडे में खराब प्रदर्शन माना जा रहा है। हालांकि वह टी-20 में कप्तानी का जिम्मा संभालते रहेंगे। फिंच को इस साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी कप्तान बनाया गया है। फिंच की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था।

35 वर्षीय फिंच के 50 ओवर की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का मतलब है कि वह अगले वर्ष भारत में होने वाले वनडे विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व नहीं करेंगे। फिंच इस साल अक्टूबर-नवम्बर में ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में होने वाले टी 20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व करेंगे।

फिंच ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 145 वनडे खेले हैं लेकिन हाल के मैचों में उन्हें फॉर्म से संघर्ष करना पड़ा है। पिछली सात पारियों में वह केवल 26 रन ही बना पाए हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी बयान में फिंच ने कहा, कुछ सुनहरी यादों के साथ यह एक बेहतरीन यात्रा रही है। मैं भाग्यशाली हूं कि मैं इस शानदार टीम का हिस्सा रहा हूं और इन खिलाड़ियों के साथ खेला हूं। लेकिन अब समय आ गया है कि कप्तानी किसी और के हाथ में सौंपा जाए ताकि उन्हें अगले विश्व कप की तैयारियों के लिए पर्याप्त समय मिल सके। मेरी इस यात्रा में सहयोग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मैं धन्यवाद देता हूं।

फिंच ने इस साल वनडे क्रिकेट में 13 की साधारण औसत से सिर्फ 169 रन बनाए हैं। अंतिम 12 वनडे पारियों में वह पांच बार शून्य पर आउट हुए हैं। पिछली सात पारियों में उनके नाम सिर्फ 26 रन है।



हालांकि फिंच की नजर 2023 विश्व कप पर थी लेकिन इस खराब फॉर्म के कारण उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज से ही इस बारे में सोचना शुरू कर दिया था। अब उनकी नजर टी20 विश्व कप खिताब के बचाव पर है, जो अगले महीने से ऑस्ट्रेलिया में ही खेला जाना है।

टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया को आठ टी20 अंतर्राष्ट्रीय और भारत के खिलाफ एक अभ्यास मैच खेलना है। वह इन मैचों के जरिये अपना फॉर्म तलाशने की कोशिश करेंगे।

फिंच ने यह भी बताया कि वह बीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स की तरफ से खेलना जारी रखेंगे। इसके अलावा वह अन्य देशों में होने वाले फ्रैंचाइजी क्रिकेट में भी अपनी किस्मत आजमा सकते हैं क्योंकि इस टी20 विश्व कप के बाद अगले साल अगस्त में ही ऑस्ट्रेलिया को कोई टी20 मैच खेलना है। फिंच ने कहा कि वह इस खाली समय में अपने टी20 करियर का भी मूल्यांकन करेंगे।

फिंच के नाम वनडे क्रिकेट में 17 शतक है, जो ऑस्ट्रेलिया की ओर से तीसरा सर्वाधिक है। वह 2015 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य भी थे। पाकिस्तान (49.16 की औसत और दो शतक), इंग्लैंड (48.35 की औसत और सात शतक) और भारत (48.66 की औसत और चार शतक) के खिलाफ उनका प्रदर्शन शानदार रहा है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी निक हॉकली ने कहा, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की तरफ से मैं फिंच को उनके वनडे करियर के लिए बधाई और धन्यवाद देता हूं। उनकी बल्लेबाजी और नेतृत्व क्षमता दोनों बेहतरीन है। उनका संन्यास लेना भी उनके निस्स्वार्थपन को दिखाता है। मुझे खुशी है कि वह टी20 में टीम का नेतृत्व करते रहेंगे। विश्व कप में उनका अनुभव, रणनीति और नेतृत्व क्षमता बहुत मायने रखता है।

ऑस्ट्रेलिया को अब टी20 विश्व कप के बाद ही कोई वनडे सीरीज खेलना है। ऐसे में देखना होगा कि क्या वह विश्व कप के बाद टी20 क्रिकेट से भी संन्यास नहीं लेते हैं। ऐसे में टीम किसी ऐसे व्यक्ति को यह जिम्मेदारी देना चाहेगी जो वनडे और टी20 क्रिकेट दोनों में नियमित हो। फिलहाल ऐसे लोगों में जॉश हेजलवुड, ग्लेन मैक्सवेल, स्टीव स्मिथ और मिचेल मार्श का नाम शामिल है। टेस्ट कप्तान पैट कमिंस पहले ही सीमित ओवर क्रिकेट की कप्तानी करने में अनिच्छा जाहिर कर चुके हैं।

## टी-20 सीरीज में नहीं खेलेगा कंगारू टीम का ये विस्फोटक बल्लेबाज

**नई दिल्ली, 10 सितंबर 2022।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज की शुरुआत 20 सितम्बर से होने जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला मोहाली में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच 23 सितम्बर को नागपुर में जबकि सीरीज का आखिरी मैच का आयोजन 25 सितम्बर को हैदराबाद में किया जाएगा।सीरीज की शुरुआत से पहले टीम इंडिया के लिए एक अच्छी खबर आ रही है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 12 महीने के एक व्यस्त शेड्यूल को देखते हुए मेहमान टीम के दिग्गज बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को आराम देने का फैसला लिया है।



**स्टोइनिस भी हुए चोटिल**

वहीं, कंगारू टीम के स्टार ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस को भी चोट लगी है। बता दें, स्टोइनिस साइड स्ट्रेन के कारण 11 सितम्बर को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले सीरीज के आखिरी वनडे में भी टीम में शामिल नहीं हो सकेंगे। चोट के बाद अब उन्हें को रिहैबिलिटेशन से गुजरना होगा। कीवी टीम के खिलाफ दूसरे वनडे के 23वें ओवर के दौरान स्टोइनिस चोट का शिकार हो गये। जिसके बाद एश्टन एगर को फील्डिंग करते देखा गया। कंगारू टीम में स्टोइनिस के स्थान पर तेज गेंदबाज नेथन एलिस को जगह दी गई है। अब देखना यह होगा कि स्टोइनिस भारत के खिलाफ सीरीज खेलेंगे या नहीं।




## थैंक गॉड के मेकर्स ने अजय और सिद्धार्थ के चरित्र वाले पोस्टर किए रिलीज

आगामी फिल्म थैंक गॉड के निमार्ताओं ने फिल्म के चरित्र के पोस्टर को जारी किया है, पोस्टर को देख फैंस के बीच अजय देवगन को लेकर काफी खुशी है। इस फिल्म में अजय के साथ साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुलप्रीत मुख्य भूमिका में हैं।

पोस्टर देखने से लग रहा है कि, अजय देवगन फिल्म में हिंदू देवता चित्रगुप्त के चरित्र को चित्रित करते हुए प्रतीत होते हैं, जबकि सिद्धार्थ एक आम आदमी की भूमिका निभाते हैं। फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है, जो इससे पहले ह्यमस्ती, आमिर खान और माधुरी दीक्षित नेने-स्टारर दिल, इश्क और राजा जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।

25 अक्टूबर को स्क्रीन पर आने के लिए तैयार यह फिल्म शुक्रवार को अपने ट्रेलर को रिलीज करेगी।

## तमन्ना भाटिया ने बबली बाउंसर रोल के लिए अपनी भाभी से ली प्रेरणा

तमन्ना भाटिया ने अपनी आगामी फिल्म बबली बाउंसर को लेकर खुलासा किया है कि, इस भूमिका के लिए उन्होंने अपनी भाभी से प्रेरणा ली है। द कपिल शर्मा शो पर होस्ट के साथ बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने अपने किरदार को लेकर बात की।



उन्होंने कहा, ज्यादातर लोग नहीं जानते कि मेरी भाभी हरियाणवी है। तो जब मैंने इस भूमिका को चुना तो मैंने सोचा था कि यह किरदार मजेदार होने वाला है। हमें ज्यादातर फिल्मों में एक चरित्र में आने के लिए कल्पना करना और बहुत शोध करना पड़ता है, लेकिन यहां मेरी प्रेरणा मेरी भाभी से आती है।

तमन्ना शो में सौरभ शुक्ला, सुप्रिया शुक्ला और निर्देशक मधुर भंडारकर सहित पूरी फिल्म कलाकारों के साथ दिखाई दे रही हैं। कपिल ने मजाक में उससे पूछा कि चूंकि वह बाहुबली- द बिगिनिंग में दिखाई दी थी, इसलिए वह शुरू से ही जानती होगी कि कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा। लेकिन इसके बावजूद, वह इसे गुप्त रखने में कामयाब रही। तमन्ना ने जवाब दिया, मुझे गुप्त रखने की कोशिश में एक साल से पेट में दर्द हो रहा था। यह करना काफी मुश्किल काम था और मजेदार बात यह है कि मुझे इसके बारे में पार्ट 1 की रिलीज से एक दिन पहले पता चला। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर 10 सितंबर से द कपिल शर्मा शो का प्रसारण शुरू होने जा रहा है।0

## नाने वरुवेन में धनुष के चरित्र को दर्शाता है वीरा सूरा गाना



निर्देशक सेल्वाराघवन की नाने वरुवेन की यूनिट, जिसमें अभिनेता धनुष मुख्य भूमिका में हैं, ने अब प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों की खुशी के लिए फिल्म का पहला गाना वीरा सूरा रिलीज कर दिया है। यूनिट, जिसने प्रसाद लैब में मीडिया के लिए एक विशेष लिसनिंग सत्र आयोजित किया था, ने बाद में प्रशंसकों के लिए गीत को यूट्यूब पर भी जारी किया। गाने को युवान शंकर राजा ने गाया है। इसमें सैम, शेनबगराज नारायणन और मुथु सिरपी ने भी आवाज दी है। गाने के सीक्वेंस में, धनुष एक जंगल से गुजरते हुए और शिकार की तलाश में दिखाई देते हैं। यह गाना फिल्म में उनके द्वारा निभाए गए नकारात्मक किरदार की झलक देता है।

गाने के लॉन्च की घोषणा करने के लिए धनुष ने ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने ट्वीट किया, वीरा सूरा - नाने वरुवेन से डार्क साइड की थीम।गाने के बोल खुद डायरेक्टर सेल्वाराघवन ने लिखे हैं। गाने को प्रशंसकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है, सेल्वाराघवन ने घोषणा की कि गाना 2.5 मिलियन से अधिक व्यूज के साथ ट्रेंड कर रहा है।0

# काजोल ने ओटीटी सीरीज डेब्यू में अपने लुक से दर्शकों को चौंकाया



बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की आगामी डिजिटल डेब्यू सीरीज द गुड वाइफ के भारतीय रूपांतरण का पहला लुक जारी किया गया, जिसका शीर्षक द गुड वाइफ- प्यार, कानून, धोखा है। जिसमें अभिनेत्री एक वकील की भूमिका निभाएंगी।

वेब सीरीज में वकील की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक, काजोल ने एक बयान में कहा, मैं अपनी पूरी अभिनय यात्रा में कई किरदार निभा रही हूं, लेकिन पहली भूमिका हमेशा खास होती है।

डिज्नी प्लस डे के मौके पर फर्स्ट लुक जारी किया गया था।

उन्होंने आगे कहा, कैरियर की शुरूआत में, मैं अपनी पहली सीरीज में एक वकील की भूमिका निभाऊंगी, जिसका निर्देशन शानदार सुपर्ण वर्मा ने किया है।

मूल सीरीज, द गुड वाइफ, स्कॉट फ्री प्रोडक्शंस और किंग साइज प्रोडक्शंस के सहयोग से सीबीएस स्टूडियो द्वारा बनाई गई थी।

प्रारूप अधिकार पैरामाउंट ग्लोबल कंटेंट डिस्ट्रीब्यूशन द्वारा विश्व स्तर पर वितरित किए जाते हैं और इसे चीन, भारत, जापान, लैटिन अमेरिका, मध्य पूर्व, रूस, तुर्की और वियतनाम में लाइसेंस दिया गया है।

द फैमिली मैन फेम सुपर्ण वर्मा द्वारा निर्देशित और बनिजय एशिया द्वारा निर्मित, द गुड वाइफ ङ्क प्यार, कानून, धोखा जल्द ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।




## अनन्या बिड़ला लंदन फैशन वीक में करेंगी रैंप

मल्टी-प्लैटिनम गायिका-गीतकार अनन्या बिड़ला, अंतर्राष्ट्रीय फैशन की दुनिया में अपनी शुरुआत की तैयारी कर रही हैं। वह अपनी उदार शैली के लिए जानी जाती हैं और मशहूर भारतीय फैशन डिजाइनर अर्चना कोचर के लिए रनवे पर चल रही हैं।



डिजाइनर पहली बार प्रतिष्ठित लंदन फैशन वीक में प्रदर्शित होंगी। इसको लेकर अनन्या बिड़ला कहती हैं, मैं लंदन फैशन वीक का हिस्सा बनने और विश्व मंच पर मेक इन इंडिया अभियान का समर्थन करने के लिए उत्सुक हूं। अर्चना कोचर एक प्रतिभाशाली डिजाइनर हैं और मैं उनके लिए चलने का इंतजार नहीं कर सकती।

शो, ब्रिटिश फैशन काउंसिल के सहयोग से 17 सितंबर, 2022 को हयात रीजेंसी, लंदन ङ्क द चर्चिल में होगा। बॉलीवुड सितारों के साथ काम कर चुके कोचर, मेक इन इंडिया अभियान को आगे बढ़ाने के लिए नामित होने वाले पहले भारतीय डिजाइनर भी हैं, जिसे 2014 में वैश्विक क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया था।

कोचर के साथ, एलिजाबेथ इमानुएल, एक ब्रिटिश डिजाइनर, जिसे दिवंगत राजकुमारी डायना के वेडिंग गाउन को डिजाइन करने के लिए जाना जाता है, जो इस समय केंसिंग्टन पैलेस लंदन में प्रदर्शित है, नाइटफॉल स्लॉट के दौरान दिखाई देगी।








CMYK



## घरेलू सामान चोरी करने वाले हुए गिरफ्तार

**बागबाहरा, 10 सितम्बर 2022।** पुलिस ने घरेलु सामान की चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार कर लिया है. चोर दरवाजे का टाला तोड़कर चावल, गैस सिलेंडर, चांदी के सिक्के सहित अन्य सामन चोरी करके ले गया था. सोनापुट्टी निवासी प्रार्थिया देवन्तीन साहू पति देवलाल साहू उम्र 75 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई की 6-7 सितम्बर की रात घर के दरवाजे के ताला को तोड़ कर घर में रखें सामान को कोई अज्ञात चोर द्वारा 50 किलोग्राम चांवल, एक नग इण्डेन कम्पनी का गैस सिलेण्डर कीमती करीब 1500 रूपये, एक नग गैस चुल्हा कीमती करीब 1000 रूपये तथा लकडी के पेटी के ताला को तोड कर उसमें रखें एक 10 ग्राम चांदी का सिक्का कीमती करीब 600 रूपये एवं 200 रूपये का अन्य सिक्के तथा दो नग नयी टेरीकॉट साडियां किमती करीब 500 रूपये। जुमला कीमती 3800 रूपये को चोरी कर ले गया है।

## मामूली बात पर युवक से मारपीट



**रायपुर 10 सितंबर 2022।** डीजे में नाचने के विवाद को लेकर चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार उडिया बस्ती निवासी प्रार्थी बेनु यादव 24 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि गणेश विसर्जन में जाते समय आरोपी सूर्य कुमार, नीलेश, आशीश व पोशजीत डीजे वाहन के पास नाच रहे थे। जिसे वाहन से दूर होकर नाचने कहा तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## छत्तीसगढ़ के नागरिकों को मिली बड़ी राहतः अब आसानी से अनधिकृत निर्माण कार्यों को करा सकेंगे नियमित

**रायपुर, 10 सितम्बर 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में अनियमित निर्माण कार्यों को नियमित कराने के लिए नियमों में पारदर्शिता लाने और सरलीकरण करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम में संशोधन किया गया है। संशोधित अधिनियम, 2022 छत्तीसगढ़ के राजपत्र में 14 जुलाई 2022 को प्रकाशित होने के साथ ही यह पूरे प्रदेश में प्रभावशाली हो गया है। इसके नियमों का भी प्रकाशन 02 अगस्त 2022 को हो गया है। नियम प्रकाशित होने के बाद अब नये नियमों के तहत आवेदन लिए जा रहे है। इस नए नियम से प्रदेश के नागरिकों को राहत मिलेगी और वे आसानी से निर्माण कार्यो को नियमित करा सकेंगे। नगर निगम सीमा के भीतर नगर निगम तथा नगर पालिकाओं में तथा निगम, पालिका के सीमा के बाहर तथा निवेश क्षेत्र के अंदर नगर निवेश विभाग के कार्यालय में आवेदन जमा होंगे। आवेदक को आवेदन के साथ मकान के कागजात, मकान के फोटोग्रॉफ्स आर्किटेक्ट द्वारा बनाए गए मकान का नक्शा और सम्पत्ति कर या बिजली बिल की रशीद की कॉपी संलग्न करनी होगी। इस अधिनियम में किए गए नए संशोधन के अनुसार निवेश क्षेत्र के अंतर्गत आए हुए आवेदनों के निराकरण के लिए जिम्मेदारी तय कर दी गई है। ऐसे ग्राम/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, जो नगरीय निकाय सीमा के बाहर आता है। वहां आवेदन नगर या ग्राम निवेश विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में लिए जाएंगे। सत्यापन परीक्षण के पश्चात इन आवेदनों को नियमितिकरण के लिए जिम्मेदार अधिकारी को प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सदस्य सचिव की होगी।

# हाईकोर्ट ने खारिज की राज्य वन सेवा में भर्ती नियम बनाने की याचिका



**बिलासपुर, 10 सितम्बर 2022।** रेंजर और सहायक वन संरक्षक पदों पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को नियम बनाने का निर्देश देने से इंकार करते हुए दायर एक याचिका छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। साथ ही यह भी कहा कि नियमों को चुनौती देने की स्थिति में उसकी वैधता की जांच जरूर की जा सकेगी। हाईकोर्ट, बिलासपुर में राहुल यादव व 87 अन्य की ओर से एक याचिका दायर कर कहा गया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से राज्य वन सेवा के रेंजर व सहायक वन संरक्षक पदों पर भर्ती की जा रही है। याचिकाकर्ता वानिकी संकाय मे स्नातक, स्नातकोत्तर डिग्री धारी हैं एवं पीएचडी भी कर चुके हैं। भर्ती के लिए तय किए मापदंड के मुकाबले याचिकाकर्ता अधिक दक्षता रखते हैं। अतः इन पदों पर उन्हें प्राथमिकता दी जाए। मध्य प्रदेश, ओडिशा, जम्मू, केरल, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में ऐसा प्रावधान किया गया है। कुछ अन्य राज्यों में उच्चतर डिग्री धारकों के लिए पद आरक्षित हैं।

### वैधता को दी जा सकती है चुनौती

हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद याचिका खारिज कर दी और कहा कि भर्ती नियम बनाने के लिए आदेश देना हाईकोर्ट के अधिकार में नहीं है। भर्ती नियम बनाना एक नीतिगत निर्णय है। भर्ती नियम की वैधता को यदि चुनौती दी जाएगी तो उस पर हाईकोर्ट विचार जरूर कर सकता है।

## आबकारी विभाग के प्रधान आरक्षक के ट्रांसफर पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक, जानिए अधिवक्ताओं ने जस्टिस के सामने दिया तर्क

**बिलासपुर।** आबकारी विभाग में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ भानुप्रताप चौहान का विभाग ने कबीरधाम से दुर्ग जिला स्थानांतरण कर दिया था. पत्नी की गंभीर बीमारी से परेशान प्रधान आरक्षक ने स्थानांतरण पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की. हाईकोर्ट के डबल बेंच ने पक्षों को सुनने के बाद मानवीयता के आधार पर स्थानांतरण आदेश पर स्थगन दिया.

आबकारी विभाग में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ भानुप्रताप चौहान कबीरधाम जिला निवासी भानुप्रताप चौहान 29 जून 2022 को आबकारी विभाग ने कबीरधाम से दुर्ग जिला तबादला कर दिया था. इस पर भानुप्रताप ने पत्नी की गंभीर बीमारी को आधार बनाकर उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच के समक्ष रिट याचिका दायर की था, लेकिन सिंगल बेंच से स्थगन नहीं मिलने पर हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय व घनश्याम शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच के समक्ष रिट अपील दायर की.

अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं घनश्याम शर्मा ने हाईकोर्ट के समक्ष सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्ष 2022 में एसके नौशाद रहमान एवं अन्य विरूद्ध यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य के वाद का जिक्र किया. इसके साथ अधिवक्ताओं ने बताया कि याचिकाकर्ता की पत्नी फेफड़े एवं किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित है. ऐसी स्थिति में 58 वर्षीय याचिकाकर्ता का दुर्ग जिला में शिफ्ट होकर आबकारी विभाग में सेवा देना और साथ में बीमार पत्नी की देखभाल करना बहुत कठिन होगा।

## रायपुर में धरना दे रहे सरपंचों के साथ हुई पुलिसकर्मियों की धक्का-मुक्की,निकले थे मुख्यमंत्री निवास घेरने

**रायपुर, 10 सितम्बर 2022।** रायपुर में आज प्रदेशभर के 2 हजार सरपंच पहुंच गए। सबसे पहले इन्होंने बूढ़ापारा के धरना स्थल पर धरना दिया।



यहां छत्तीसगढ़ सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने मंच से सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के सरपंचों को बीमा, पेंशन मिलनी चाहिए। मानदेय बढ़ाने और विकास के लिए फंड देने की मांग रखी गई।

इसके बाद राज्य के हर जिले से आए सरपंचों ने रैली निकाली। ये बूढ़ापारा की सड़क से मुख्यमंत्री निवास घेरने को बढ़े। रास्ते में सप्रे स्कूल के बाद पुलिस ने सरपंचों का रास्ता रोक लिया। बड़ी तादाद में यहां सरपंचों का हंगामा शुरू हो गया। पुलिसवालों से धक्का-मुक्की भी हुई। महिलाएं भी महिला पुलिस कर्मियों से भिड़ गईं। काफी देर तक सरपंच यहां से आगे जाने की जिद पर अड़े रहे। छ देर बाद जिला प्रशासन के अफसरों ने सरपंचों से मुलाकात की। उनका ज्ञापन लेकर बात शासन तक पहुंचाने का वादा किया। मगर सरपंच राजी नहीं हुए। करीब डेढ़ घंटे तक हंगामा चलता रहा, जिसके बाद सरपंच शांत हुए।

# रमन की मुस्कान और बिगड़े बोल ने कर दिया पुरंदेश्वरी के साथ 'खेला'

### अपनी थूक से कांग्रेस बहा देने और जन्मदिन पर सीएम के सिर के हज़ार टुकड़े वाला बयान भी वजह, एंटी रमन गुट को तरजीह देना भी नुकसानदेह साबित

**रायपुर, 10 सितम्बर 2022।** छत्तीसगढ़ बीजेपी में पिछले एक महीने में संगठन में कई बड़े बदलाव से सभी भौंचक्क है। ऐसे में सवाल उठना भी लाज़मी है कि जिस तेज़ी से प्रदेश प्रभारी बनकर आई और उसी रफ़्तार से उन्हें लौटा दिया गया। एक वक्त ऐसा भी आया की वे एंटी रमन सिंह गुट को तरजीह देतीं दिखीं। फिर उनके तीन ऐसे बयानों से सियासी बवाल हुआ की उन्हें छत्तीसगढ़ में बेहतर करने के बाद भी बिना कोई इतर जिम्मेदारी दिए बैरंग लौटा दिया गया। इसके पीछे दो दिन पूर्व मिडिया के सवाल पर पुरंदेश्वरी ने कहा था बीजेपी के लिए हर कार्यकर्त्ता पार्टी का चेहरा है। उनके इस जवाब से बगल में बैठे रमन सिंह मुस्कुराते नज़र आये। फिर अपनी थूक से कांग्रेस को बहा देने और सीएम भूपेश को ऐन जन्मदिन के दिन सर के हज़ार टुकड़े वाला बयां भी सियासी बवाल खड़ा कर दिया था। पार्टी के



अंदर की बात करें तो दबी जुबान में बीजेपी के लोग कह रहे थे कि डी पुरंदेश्वरी रमन सिंह के अलावा दूसरे गुट को बढ़ावा दे रही थी. इससे छत्तीसगढ़ बीजेपी दो फाड़ हो गई थी। इसके अलावा एक और बड़ी बात ये भी कही जा रही थी कि जब से डी पुरंदेश्वरी प्रदेश प्रभारी बने थे तब से कांग्रेस के खिलाफ कोई बड़ा मुद्दा बनाने में सफल नहीं हो पाए। शायद यही वजह है कि डी पुरंदेश्वरी की छुट्टी छत्तीसगढ़ से हो गई। पार्टी में बड़ा ऐतिहासिक परिवर्तन भाजपा की करारी शिकस्त के बाद बतौर महिला प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी की तैनाती को माना जाता है तो उससे कही ज़्यादा उतनी ही तेज़ी से उन्हें हटाने वाले फैसले के बाद भीतरखाने में समीक्षा होने लगी है।

प्रभार से मुक्त होने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री डी. पुरंदेश्वरी शनिवार को हैदराबाद रवाना हुई। उन्हें विदाई देने के लिए प्रदेश भाजपा के प्रमुख नेता एयरपोर्ट पहुंचे। पुरंदेश्वरी करीब ढाई साल प्रदेश भाजपा की प्रभारी रहीं। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के तकरीबन सभी जिलों का दौरा किया, और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में काम करती रही। उनकी कार्यशैली की पार्टी के तमाम छोटे-बड़े नेताओं ने तारीफ की। वो सुबह करीब 10 बजे हैदराबाद के लिए रवाना हुई। एयरपोर्ट पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, महामंत्री द्वय भूपेंद्र सवन्नी, और किरणदेव के अलावा सीएसआईडीसी के पूर्व चेयरमैन छगन मूंदड़ा, ओपी चौधरी आदि पहुंचे।

# राम और कांग्रेस को लेकर दिए कथित बयान पर फंसे बीजेपी अध्यक्ष अरुण साव

## कांग्रेस के विधि विभाग ने भेजा नोटिस कहा मांगे माफ़ी और विवादित बयान प्रमाणित करें





**रायपुर, 10 सितम्बर 2022।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के कथित बयान 20 अगस्त को समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ था। जिसमें अरुण साव के हवाले से लिखा गया था÷श्रीराम और श्रीकृष्ण निस्संदेह सबके हैं, लेकिन कांग्रेस के वे कभी नहीं हो सकते। अरुण साव ने यह भी कहा था कि मुख्यमंत्री को यह याद रखना चाहिए कि, उनकी पार्टी ने ऊपरी अदालत में बक़ायदा हलफनामा देकर श्रीराम को काल्पनिक बताया था। ये वही लोग हैं जिन्होंने श्रीराम सेतु को तोड़ने का खाका तैयार कर लिया था। जिन्होंने श्रीराम जन्मभूमि पर मस्जिद बनाने का वादा कर दिया था।÷ अब यही बयान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के गले में फांसी हड्डी बन सकता है नोटिस में अरुण साव को कहा गया है कि, उन्होंने जो आरोप राम और कृष्ण का ज़िक्र करते हुए कांग्रेस पार्टी पर लगाए हैं उसे प्रमाणित करने वाले तथ्य प्रस्तुत करें या फिर लिखित में माफ़ी माँगे। वरना कांग्रेस धारा 195, 499, 500 के तहत एफआईआर पार्टी का विधि सेल दर्ज कराएगा। इस नोटिस को लेकर कांग्रेस संचार विभाग ने दावा किया है कि, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को यह नोटिस मिल चुकी है। तत्संबंध में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष साव का पक्ष नहीं मिला। इस मामले में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव से संपर्क नहीं हो पाया है।

### इन तीन सवालों के मांगे साक्ष्य

1, कांग्रेस ने सुको में कब किस समय वह हलफ़नामा दिया जिसमें भगवान राम को काल्पनिक बताया गया?
2, कांग्रेस ने श्रीराम सेतु तोड़ने का खाका तैयार कब तथा किस समय किया था?
3, कांग्रेस ने श्रीराम जन्मभूमि पर मस्जिद बनाने का वादा कब और किस समय किया?

## रवि डॉन के एक और गुर्गे पुलिस की गिरफ्त में

**रायपुर, 10 सितम्बर 2022।** रवि डॉन के एक और गुर्गे पुलिस की गिरफ्त में आया है. बता दें कि थाना माना क्षेत्रांतर्गत माना बस्ती स्थित आर.एस. रेस्टॉरेंट एवं ढ़ाबा में माना बस्ती निवासी विजेन्द्र मारकण्डे उर्फ लल्ला एवं संजय बंजारे नामक व्यक्ति गये थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उक्त दोनों व्यक्तियों का रेस्टॉरेंट के एक कर्मचारी से विवाद एवं मारपीट हो गया था। इसी बात को लेकर दिनांक 05.09.2022 को प्रातः रेस्टॉरेंट से जुड़े अज्ञात लड़के वाहनो में विजेन्द्र मारकण्डे उर्फलल्ला निवासी माना बस्ती के घर जाकर उसे घर से बाहर लाकर विजेन्द्र मारकण्डे उर्फलल्ला पर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर फरार हो गये। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना माना में अपराध क्रमांक 234/22 भादवि. धारा 302, 365, 147, 120बी, 34 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में प्रकरण में अब तक 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित 02 नग चाकू, 02 नग मोबाईल फोन, क्वीड कार, अर्टिगा एवं हैरियर वाहन जप्त किया जा चुका है।

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**भिलाई, 10 सितंबर 2022।** सुपेला स्थित होटल लैंडमार्क में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस रैकेट में दलाल को गिरफ्तार किया गया है, जो लड़कियों को काम दिलाने के बहाने बुलाता था और इस रैकेट में शामिल कर लेता था। पुलिस ने प्रेस कान्फ्रेंस में पूरे मामले का खुलासा किया।पुलिस ने बताया कि 8 सितंबर की रात थाना प्रभारी वैशाली नगर वीरेंद्र श्रीवास्तव को पीड़िता से सूचना मिली कि उसे अरुण कुमार सिंह उर्फ अमन रोजगार देने के नाम से लखनऊ से बुलवाया और उनसे अनैतिक कार्य कराया जा रहा है। पीड़िता की शिकायत पर थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव एवं नगर पुलिस अधीक्षक नासर सिद्धीकी को सूचना दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल रात्रि चेक गस्त अधिकारी देवांश राठौर अनुविभागीय अधिकारी पाटन अनुभाग के हमराह महिला अधिकारी के साथ पीड़िता से संपर्क स्थापित कर रेस्क्यू कर वैधानिक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। पुलिस की टीम पीड़िता के बताए अनुसार होटल लैंडमार्क सुपेला पहुंचकर संचालक को नोटिस दिया। पुलिस ने बताया कि महिला पुलिस अधिकारी के माध्यम से होटल में



ठहरे पीड़ित महिला को तलब कर पूछताछ की। पीड़िता ने बताया कि उसे अरूण कुमार सिंह उर्फ अमन निवासी दुर्ग होटल में काम दिलाने के नाम से लखनऊ से बुलाया है और यहां अनैतिक व्यापार करने ग्राहकों की तलाश कर जबरदस्ती देह व्यापार करने के लिए दबाव बनाया। इंकार करने पर प्रताड़ित करता रहा। होटल में ही एक अन्य लड़की भी आरोपी अरूण कुमार सिंह द्वारा होटल में काम देने के नाम पर दिल्ली से बुलाने और देह व्यापार कराने की बात कही। वहीं ठहरे कमरों की तलाशी लिए जाने पर देह व्यापार संबंधी आपत्तिजनक सामान और आधार कार्ड बरामद किए गए। आधार कार्ड के अवलोकन पर एक पीड़िता नाबालिक पाई गई, जिस पर तत्काल थाना सुपेला में अपराध दर्ज कर निरीक्षक दुर्गेश शर्मा थाना प्रभारी थाना सुपेला के नेतृत्व में आरोपी पता तलाश के लिए टीम रवाना की गई. प्रभारी अधिकारी द्वारा मुखबिर तंत्र सकिय किया गया. साथ ही पीड़िता से प्राप्त मोबाइल नंबरों के आधार पर साइबर टीम की मदद से आरोपी अरूण कुमार सिंह के मोबाइल नंबर, पता आदि की जानकारी ली गई। आरोपी के निकटवर्ती संबंधी एवं दोस्तों के संबंध में जानकारी एकत्र की गई। आरोपी का मोबाइल बंद होने से आरोपी के ठीकानों पर दबिश दी गई। आरोपी को उतई बाजार चैक से हिरासत में लेकर सघन पूछताछ करने पर आरोपी ने जुर्म कबूल किया। आरोपी के मोबाइल को सर्च करने पर मोबाइल में पूरे देश के विभिन्न राज्यों के अनेक बालिकाओं की फोटो एवं अश्लील छायाचित्र मिली है। आरोपी का वॉटसएप एकांउट चेक करने पर विभिन्न व्यक्तियों ( ग्राहकों ) को महिलाओं की फोटो भेजना, रेट तय करना आदि जानकारी मिली. मामले की विवेचना जारी है। आरोपी के अन्य सहयोगी होटल संचालक एवं रैकेट में संलिप्त अन्य आरोपी की पता तलाश की जा रही है।

**प्रदेश के नागरिकों को मिली बड़ी राहतः**

# अब आसानी से अनाधिकृत निर्माण कार्यों को करा सकेंगे नियमित

» मुख्यमंत्री के निर्देश पर नियमों को किया गया शिथिल

» छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम में हुआ संशोधन

**रायपुर, 10 सितंबर 2022( ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में अनियमित निर्माण कार्यो को नियमित कराने के लिए नियमों में पारदर्शिता लाने और सरलीकरण करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम में संशोधन किया गया है। संशोधित अधिनियम, 2022 छत्तीसगढ़ के राजपत्र में 14 जुलाई 2022 को प्रकाशित होने के साथ ही यह पूरे प्रदेश में प्रभावशाली हो गया है। इसके नियमों का भी प्रकाशन 02 अगस्त 2022 को हो गया है। नियम प्रकाशित होने के बाद अब नये नियमों के तहत आवेदन लिए जा रहे है। इस नए नियम से प्रदेश के नागरिकों को राहत मिलेगी और वे आसानी से निर्माण कार्यो को नियमित करा सकेंगे। नगर निगम सीमा के भीतर नगर निगम तथा नगर पालिकाओं में तथा निगम, पालिका के सीमा के बाहर तथा निवेश क्षेत्र के अंदर नगर निवेश विभाग के कार्यालय में आवेदन जमा होंगे। आवेदक को आवेदन के साथ मकान के कागजात, मकान के फोटोग्रॉफ्स आर्किटेक्ट द्वारा बनाए गए मकान का नक्शा और सम्पत्ति कर या बिजली बिल की रशीद की कॉपी संलग्न करनी होगी। इस अधिनियम में किए गए नए संशोधन के अनुसार निवेश क्षेत्र के अंतर्गत आए हुए आवेदनों के निराकरण के लिए जिम्मेदारी तय कर दी गई है। ऐसे ग्राम/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, जो नगरीय निकाय सीमा के बाहर आता है। वहां आवेदन नगर या ग्राम निवेश विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में लिए जाएंगे। सत्यापन परीक्षण के पश्चात इन आवेदनों को नियमितिकरण के लिए जिम्मेदार अधिकारी को प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सदस्य सचिव की होगी। इसी तरह नगर-निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत जो निवेश क्षेत्र के अंतर्गत आते है। इन जगहों पर स्थानीय निकायों द्वारा आवेदन लिए जाएंगे और जिला नियमितिकरण प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

अधिनियम में संशोधन के बेहतर क्रियान्वयन और आमजन को इस संशोधन का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए कलेक्टर, नगरीय निकाय अधिकारी, नगर एवं ग्राम निवेश अधिकारियों द्वारा नियमित समीक्षा की जाएगी।

गौरतलब है कि शहरों की बढ़ती आबादी, वाहनों की बढ़ती संख्या और यातायात की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए राज्य शासन ने शहरी क्षेत्रों में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम 2002 में संशोधन करते हुए अब कड़े प्रावधान किए हैं। इन प्रावधानों का उद्देश्य पार्किंग के लिए निर्धारित स्थलों पर अन्य निर्माण को हतोत्साहित करना तथा पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखना है। अधिनियम में यह संशोधन छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) विधेयक 2022 के अनुसार किए गए हैं। इस संशोधन के जरिये अपीलार्थियों को राहत भी दी गई है। उन्हें अपील लंबित रहने की अवधि में अब अधिकतम एक वर्ष का ही भाड़ा देना होगा, जबकि पूर्व में उन्हें नियमित भाड़ा देना होता था।



अधिनियम में यह प्रावधान किया गया है कि यदि अधिकृत विकास निर्धारित पार्किंग हेतु आरक्षित भू-खण्ड/स्थल पर किया गया है, तो नियमितिकरण की अनुमति तभी दी जाएगी जब आवेदन द्वारा पार्किंग की कमी हेतु निर्धारित अतिरिक्त शास्ति राशि का भुगतान कर दिया गया हो।

जारी अधिसूचना के अनुसार विधेयक में छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम 2002 के मूल अधिनियम की धारा 04 की उपधारा (2) के खण्ड (पांच) को प्रतिस्थापित करके नगर तथा ग्राम निवेश विभाग का जिले का प्रभारी अधिकारी/संयुक्त संचालक/उपसंचालक/सहायक संचालक किया गया है। अधिनियम के खण्ड(चार) (क) में निर्धारित प्रयोजन से भिन्न भूमि के उपयोग परिवर्तन करने पर उस क्षेत्र की भूमि के लिए वर्तमान में प्रचलित कलेक्टर गाईड लाईन दर का 5 प्रतिशत अतिरिक्त शास्ति लगाने का प्रावधान किया गया है।

अधिनियम में कहा गया है कि 01 जनवरी 2011 के पूर्व अस्तित्व में आये ऐसे अनाधिकृत विकास/निर्माण, जिनकी भवन अनुज्ञा/विकास अनुज्ञा स्वीकृति हो, अथवा ऐसे अनाधिकृत भवन, जिसके लिए संबंधित स्थानीय निकाय में शासन द्वारा निर्धारित दर से संपत्ति कर का भुगतान किया जा रहा हो, ऐसे भवनों में, यदि छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 अथवा संबंधित नगर के विकास योजना के अनुरूप पार्किंग उपलब्ध नहीं है, तो पार्किंग हेतु निम्नानुसार अतिरिक्त शास्ति राशि दिये जाने पर, भवन का नियमितिकरण इस प्रकार किया जा सकेगा कि पार्किंग में 25 प्रतिशत कमी होने पर प्रत्येक कार स्थान हेतु पचास हजार रूपये, 25 प्रतिशत से अधिक एवं 50 प्रतिशत तक प्रत्येक कार स्थान हेतु एक लाख रूपये, 50 प्रतिशत से अधिक एवं 100 प्रतिशत तक प्रत्येक कार स्थान हेतु दो लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। नए प्रावधानों के अनुसार 01 जनवरी 2011 अथवा उसके पश्चात् अस्तित्व में आये ऐसे अनधिकृत विकास/निर्माण, जिनकी भवन अनुज्ञा/विकास अनुज्ञा स्वीकृति हो, अथवा ऐसे अनधिकृत भवन, जिनके लिए संबंधित स्थानीय निकाय में शासन द्वारा निर्धारित दर से संपत्ति कर का भुगतान किया जा रहा हो, ऐसे भवनों में, यदि छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 अथवा संबंधित नगर के विकास योजना के अनुरूप पार्किंग उपलब्ध नहीं है, तो पार्किंग हेतु अतिरिक्त शास्ति राशि दिये जाने पर, भवन का नियमितिकरण इस प्रकार किया जा सकेगा कि पार्किंग में 25 प्रतिशत तक कमी होने पर प्रत्येक कार स्थान हेतु पचास हजार रूपये, 25 प्रतिशत से अधिक एवं 50 प्रतिशत तक प्रत्येक कार स्थान हेतु एक लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। खण्ड (चार) में कहा गया है कि शमन योग्य पार्किंग की गणना इस प्रकार की जायेगी कि 500 वर्ग मीटर तक आवासीय क्षेत्र में पार्किंग हेतु उपलब्ध न्यूनतम क्षेत्रफल प्रति कार स्थान (ईसीएस) के आधार पर निरंक होगी जबकि 500 से अधिक क्षेत्र होने पर पार्किंग हेतु उपलब्ध न्यूनतम क्षेत्रफल प्रति कार स्थान (ईसीएस) के आधार पर 50 प्रतिशत होगी। गैर आवासीय क्षेत्र में पार्किंग हेतु उपलब्ध न्यूनतम क्षेत्रफल प्रति कार स्थान (ईसीएस) के आधार पर निरंक होगी जबकि 500 से अधिक क्षेत्र होने पर पार्किंग हेतु उपलब्ध न्यूनतम क्षेत्रफल प्रति कार स्थान (ईसीएस) के आधार पर 50 प्रतिशत होगी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)